दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 355 | रविवार, 28 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ब्राजील में विज्ञापन बैनर वाला विमान समुद्र में गिरा, पायलट की दर्दनाक मौत



**रियोडीजनेरियो।** ब्राजील के मशहूर कोपाकबाना बीच के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब विज्ञापन बैनर खींच रहा एक अल्ट्रालाइट विमान समुद्र में जा गिरा। इस दुर्घटना में पायलट की मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना दोपहर करीब 12:30 बजे (जीएमटी 1530) हुई। विमान नाक के बल समुद्र में गिरा, जिसकीफुटेज सुरक्षा कैमरों में कैद हो गई। पायलट का शव बरामद कर लिया गया है और पहचान के लिए मेडिकल परीक्षक के पास भेजा गया है।

फिलहाल किसी अन्य यात्री या पीड़ित की जानकारी नहीं है। अग्निशमन विभाग की टीमें जेटस्की, इन्फ्लेटेबलबोट्स, गोताखोरों और हेलीकॉप्टर की मदद से सर्चऑपरेशन चला रही हैं। संभावित मलबे और अन्य पीड़ितों की तलाश में सोनार उपकरणों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में कोल ब्लॉक के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन हुआ उग्र



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में प्रस्तावित गारे-पेलमा कोल ब्लॉक सेक्टर-एक की जनसुनवाई निरस्त करने की मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से जारी ग्रामीणों का आंदोलन शनिवार को हिंसक हो गया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासन की बस-कार में आग लगा दी। यहां स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि तमनार की महिला थानेदार कमला पुसाम को महिलाओं ने सड़क पर गिरा दिया और पिटाई कर दी। आंदोलन में शामिल कुछ अन्य लोगों ने थानेदार को बचाया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी स्थिति सामान्य है। पुलिस टीम शनिवार को ग्रामीणों को धरना स्थल से उठाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर दल-बल के साथ पहुंची थी। बड़ी संख्या में पुलिस बल देख ग्रामीणों के आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी पर फोकस'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस दौरान शासन और सुधारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन और सार्थक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने इसे केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान शासन और सुधारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।" अधिकारियों के अनुसार, यह सम्मेलन राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर केंद्र और राज्यों के बीच संरचित तथा सतत संवाद का एक अहम मंच बनकर उभरा है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन, नीति आयोग के सदस्य तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव शामिल हुए। केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, नीति आयोग, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया।इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' रखा गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनाई जा सकने वाली श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और रणनीतियों पर चर्चा हो रही है। खास तौर पर पांच प्रमुख क्षेत्रों- प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों- पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्मेलन की रूपरेखा के अनुसार, सप्ताहांत में छह विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।



## तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**रांची।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रविवार को रांची पहुंचेंगी। राष्ट्रपति गोवा से सेना के विशेष विमान से शाम लगभग छह बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी।

यहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनका स्वागत करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। राष्ट्रपति वहां से सीधे लोकभवन जाएंगी, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 29 दिसंबर को 9.45 बजे लोकभवन से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाएंगी, जहां से वह जमशेदपुर के लिए उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति जमशेदपुर स्थित सोनारी एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से सुबह 10.45 बजे करनडीह स्थित दिशोम जाहेर स्थान पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगी तथा यहां पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद वह ओल चिकी के शताब्दी समारोह में सम्मिलित होंगी। उसी दिन वह जमशेदपुर के ही एनआईटी में आयोजित 15वें दीक्षा समारोह को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति दोनों कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद शाम साढ़े चार बजे रांची वापस लौट जाएंगी, जहां लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी।

## भारत में 2023 से बेचे जा रहे रैबीज के नकली टीके, ऑस्ट्रेलिया ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।**




ऑस्ट्रेलिया ने पिछले सप्ताह इंडियन इम्यूनोलाजिकल्स लिमिटेड (आइआइएल) द्वारा निर्मित एंटीरैबीजवैक्सीनअभयराब (आर) की नकली खुराकों के बारे में चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया कि नकली टीके 2023 के अंत से भारत में बेचे जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई तकनीकी सलाहकार समूह (एटीएजीआइ) द्वारा जारी चेतावनी में नकली और पंजीकृत टीकों के फामूर्लेशन, पैकेजिंग, लेबलिंग और निर्माण में अंतर का उल्लेख किया गया है। एटीएजीआइ ने चेतावनी दी कि जिन लोगों को नकली टीका लगाया गया है, वे रैबीज से पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकते हैं और एहतियात के तौर पर टीके की नई खुराक लेने की सलाह दी। इंडियन इम्यूनोलाजिकल्स लिमिटेड ने एंटी-रैबीजवैक्सीनअभयराब (आर) से संबंधित हालिया रिपोर्टों के बारे में स्पष्टीकरण जारी किया है। आइआइएल ने आस्ट्रेलियाई सलाह को अत्यधिक सतर्कतापूर्ण और अनुचित करार दिया। कंपनी ने कहा कि जनवरी 2025 में, आईआईएल ने एक विशिष्ट बैच (केए 24014) में गड़बड़ी की पहचान की। कंपनी ने तुरंत भारतीय नियामकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित किया, औपचारिक शिकायत दर्ज कराई और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया।

## जम्मू-कश्मीर में छिपे हैं 35 आतंकी, मांद में घुसकर मार गिराने की तैयारी, सेना चला रही 'खोजो सफाया करो' अभियान

**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को मार गिराने और पकड़ने के लिए राज्य में बड़े रणनीतिक बदलाव के साथ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों की तरफ सिर्फ जम्मू संभाग में ही 35 पाकिस्तानी आतंकियों के सक्रिय होने की आशंका जताई गई है। पहाड़ों पर बर्फ भी गिर चुकी है, लेकिन इस बार सुरक्षाबल आतंकियों के निचली बस्तियों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं। सुरक्षाबलों ने सर्दियों में अपनी रणनीति को पूरी तरह बदलते हुए आतंकियों को उनकी मांद में ही मार गिराने के लिए बर्फ से ढके पहाड़ों व जंगलों और सटी बस्तियों में बड़े स्तर पर आतंकरोधी अभियान शुरू किया है। अभियान में सेना की विंटर वारफेयर में विशेषज्ञ टुकड़ियों को भी शामिल किया गया है। ड्रोन, ग्राउंड सेंसर और सर्विलांस रडार समेत विभिन्न अत्याधुनिक उपकरण भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं, ताकि आतंकियों की हर संभावित गतिविधि का तत्काल पता लगाकर उन्हें मार गिराया जा सके। यह अभियान दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां और मध्य कश्मीर के बड़गाम के अलावा जम्मू संभाग में किश्तवाड़, डोडा, ऊधमपुर, कठुआ और राजौरी व पुंछ जिलों के उन पर्वतीय इलाकों में शुरू किया गया है, जो आतंकियों के प्रभाव वाले हैं और सर्दियों के दौरान बर्फ से अन्य इलाकों से कटे रहते हैं। आतंकी इन इलाकों की भौगोलिक परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाते हैं और सर्दियों में इन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों की कम आवाजाही के चलते वे स्थानीय ग्रामीणों के घरों में जबरन डेरा जमा लेते हैं या फिर खानाबदोश गुज्जर समुदाय द्वारा खाली किए गए डेरों को अपना ठिकाना बनाते हैं। इस बार सुरक्षाबल सर्दियों में पूर्व सक्रियता की रणनीति के तहत अपने अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों में सेना की राष्ट्रीय राइफल्स प्रमुख भूमिका निभा रही है।



जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) और सीआरपीएफ की टुकड़ियां भी इस अभियान का हिस्सा हैं। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकियों की संख्या को लेकर कोई भी आधिकारिक तौर स्पष्ट दावा नहीं करता, लेकिन विभिन्न खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, जम्मू संभाग में लगभग 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं।

## डोमिसाइल के बाद अब बंगाल में जन्म व जाति प्रमाणपत्र भी जांच के घेरे में, बढ़ाई गई निगरानी



**कोलकाता।**

बंगाल में जारी डोमिसाइल (घोषणा-पत्र) प्रमाणपत्रों के बाद अब चुनाव आयोग की जांच के घेरे में जाति और जन्म प्रमाणपत्र भी आ गए हैं। आयोग ने जाति व जन्म प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पर निगरानी बढ़ा दी है। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने राज्य सरकार से वर्ष 2011 के बाद से रद किए गए ओबीसी प्रमाणपत्रों की सूची तलब करने के साथ ही अब जिला प्रशासनों को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। आयोग ने विशेष रूप से उन अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और जन्म प्रमाणपत्रों का ब्योरा मांगा है, जो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के बाद से जारी किए गए हैं।

## दमघोटू हवा का कहर

## दिल्ली में कई इलाकों का एक्यूआई 400 पार...धुंध की मोटी परत से ढका शहर

**दिल्ली।**

दिल्ली में लगातार दूसरे दिन हवा बेहद खराब बनी हुई है। रविवार सुबह धुंध और कोहरे से दृश्यता कम रही। कई इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया।

राजधानी दिल्ली में रविवार को भी हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इससे पहले शनिवार को भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब बनी रही। रविवार सुबह राजधानी में धुंध और कोहरे की मोटी परत छाई रही, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, कई इलाकों में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। आनंद विहार इलाके के आसपास जहरीली धुंध की परत छाई है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रभावित हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक 445 दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में है। वहीं चांदनी चौक में एक्यूआई 415, द्वारका में 404, आईजीआई एयरपोर्ट क्षेत्र में 321, आईटीओ में 403 और विवेक विहार इलाके में एक्यूआई 428 दर्ज किया गया है। यदि हवा साफ है तो उसे इंडेक्स में 0 से 50 के बीच दशार्या जाता है। वायु गुणवत्ता के संतोषजनक होने की स्थिति तब होती है।




जब सूचकांक 51 से 100 के बीच होती है। 101-200 का मतलब वायु प्रदूषण का स्तर मध्यम श्रेणी का है, जबकि 201 से 300 की बीच की स्थिति वायु गुणवत्ता की खराब और 301 से 400 के बीच का अर्थ वायु गुणवत्ता की बेहद खराब श्रेणी को दशार्ता है। 401 से 500 की श्रेणी में वायु की गुणवत्ता गंभीर बन जाती है। ऐसी स्थिति में इंसान की सेहत को नुकसान पहुंचता है। पहले से ही बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह जानलेवा है।

# दिल्ली-यूपी में कड़कड़ाती सर्दी का सितम जारी



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में सर्दी का पीक जारी है। दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा, कड़ाके की ठंड और प्रदूषण मिलकर जनजीवन को प्रभावित कर रहे हैं। आईएमडी के अनुसार, मैदानी इलाकों में कोहरे से विजिबिलिटी कम है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। ठंड, कोहरा और प्रदूषण की त्रिकोणीय मार से उत्तर भारत प्रभावित है। आईएमडी ने येलो/ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में ज्यादा राहत की उम्मीद कम है। 28 दिसंबर 2025 को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7-9त्उ और अधिकतम 20-22त्उ रहने की संभावना है। सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है, जो 300-400 के बीच है। उढउइ के अनुसार, कई इलाकों में ढट2.5 स्तर उच्च होने से सांस की बीमारियों का खतरा बढ़ा है। ऋफअढ प्रतिबंधों में ढील के बावजूद, कम हवा की गति से प्रदूषक फंस रहे हैं। कटऊ ने येलो अलर्ट जारी किया है।पूर्वी और पश्चिमी यूपी में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी है। न्यूनतम तापमान 5-10त्उ तक गिर सकता है, जिससे शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। लखनऊ, वाराणसी और आगरा जैसे शहरों में कोहरा यातायात को प्रभावित कर रहा है।

**इंडिगो ने 57 उड़ानों को किया रद**

## संपादक की कलम से

# सत्ता के द्वार संघर्ष का अलाव

ब्रूथ-बूथ, चारपाई-चारपाई, यह है भाजपा के चप्पे-चप्पे की लड़ाई। हिमाचल के सियासी सफर में मुद्दों को मुकाम तक खींचती भाजपा के सामने अब संघर्ष की कुटिया में बैठी कांग्रेस नजर आएगी। मनरेगा स्कीम से आहत गलियों में कांग्रेस फेरी लगाएगी, बल्कि सरकार के द्वार संघर्ष का अलाव जलेगा। जी राम जी के दर पर पहुंचा मनरेगा, वो तो नहीं जिसे ग्रामीण राजनीति या कांग्रेस गठबंधन से उभरा आईएनडीआईए (इंडिया) सहज स्वीकार कर लेगा। मोटे तौर पर देखें तो बेहद पतली हो गई मनरेगा की आभा। जिसके सहारे गांव के बेसहारों की रोजगार मांग पूरी होती थी, वे अब हक से नहीं केंद्र की अनुकंपा पर सरकारी दिहाड़ी लगाएंगे। खैर एक बड़े सवाल पर कांग्रेस कितना बड़ा संघर्ष, यह देखना होगा, लेकिन भाजपा अपनी बिरादरी के अलावा सोशल मीडिया की हाजिरी में छोटे मुद्दों-विवादों से अपनी अंगीठी में अंगारे जलाए रखती है। बात सदन की नहीं अब गलियों के घमासान में मुद्दे संवारे जा रहे हैं। सरकार के तीन साला समारोहों में सत्ता पक्ष की हाजिरी के मुकाबिल भाजपा का दृष्टिकोण महज विपक्षी नहीं, बल्कि हिमाचल के संदर्भों में अपनी ठोस अभिव्यक्ति का मसौदा पेश करती पार्टी बन कर प्रासंगिक बने रहने का है। बेशक भाजपा मशीनरी की तरह हुआं-हुआं तक पहुंच जाती है, लेकिन ताज के खिलाफ उसके तरानों की वजह बन जाती है। कार्निवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर चला युद्ध अब आईजीएमसी के एक स्थानीय किस्से को प्रादेशिक मंच पर ले आया, तो छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़ा नेता बन जाता है। आईजीएमसी की घटना का एक पक्ष व्यवस्था, तो दूसरे पहलू में प्रदेश की संवेदना को छुआ जाता है। आश्चर्य यह कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल के एक छोटे से लाल (यानी अनुबंध पर डाक्टर) ने मरीज के खिलाफ हाथ खोले दिए। चारपाई पर मरीज को पीटने की नौबत में, मुफ्त में बदनाम हो गई व्यवस्था, लेकिन भाजपा के प्रश्नचिन्ह आमादा हैं। पार्टी अपने विरोध की सर्कस दिखा कर मजमा लगा देती है, जबकि सरकार अपनी बेहतरीन पारी को भी गंवा देती है। चिट्टे के खिलाफ हल्ला बोल रही सरकार को अपने हिस्से की कार्रवाइयों, सख्तियों और मोम सी अच्छी कहानियों को पेश करना होगा। जमीनी कागजातों में आए बदलाव तथा इंतकाल के आंकड़ों में राहत तक पहुंची जनता की कहानियों को कौन चित्रित करेगा। सुक्खू सरकार के कारनामों-उपलब्धियों के चित्रकार अगर विधायक-मंत्री नहीं बन रहे, तो बहते दरियाओं की आवाज सुन लेनी चाहिए। जाहिर है विपक्ष के पास एक स्वाभाविक छूट तथा कहने का अवसर रहता है, लेकिन अपने किए को बताना सरकार की कला है। राज्य की कौनसी फाइल बेवजह दिल्ली में अटकी या हिमाचली अधिकारों में भाजपा के मौन के शीशे तोड ? होंगे। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार या पर्यटन की दरकार में अगर सफलता की डींगें हैं, तो सत्ता को बताना होगा कि सपने बड़े करने के लिए बहुत काम हुआ है। कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच अभी लहूलुहान होने का प्रमाण नहीं चाहिए, लेकिन जहां जनता का लहू प्राकृतिक आपदाओं से गिरा, वहां सत्तारूढ़ दल को कहने के लिए भाजपा की तरह आक्रोश में बहना पड़ेगा। पंद्रह सौ करोड़ की आपदा राहत में पूरा राज्य आर्थिक अस्पताल की चारपाई पर पड़ा है और इसके सामने केंद्र के भाजपायी चिकित्सक अगर मरीज को पीट रहे हैं, तो वहां मुकदमा है अदालत है। कांग्रेस एक बार सीख ले कि भाजपा उससे बेहतर विरोध कैसे करती है, वरना कहने को सत्ता के पास भी मुद्दे, मजमून और खोजी दस्तावेज हो सकते हैं।


ललित शर्मा
संपादक

# अरावली की चिन्ता: नारे से आगे, अस्तित्व की लड़ाई



पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा को लेकर उठा विवाद अब जन-आन्दोलन का रूप ले रहा है। इसी के अन्तर्गत अरावली बचाओ की चिन्ता-यह केवल भावनात्मक आह्वान नहीं, बल्कि भारत के पर्यावरणीय भविष्य की जीवनरेखा है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पर्वतमाला पृथ्वी की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यह पर्वत केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि जल, जंगल, जैव-विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन के लिए एक प्राकृतिक कवच है। आज जब खनन, शहरीकरण और विकास की आड़ में इस पर्वतमाला को टुकड़ों में बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मनुष्य जाति के अस्तित्व का बन गया है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली को लेकर सरकारों की चिन्ता व्यर्थ न जाये, कोई सकारात्मक रंग लाए। पहाड़ी इलाकों के खनन, उपेक्षा एवं लोभवृत्ति पर विचार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली के बड़े हिस्से का खनन ही नहीं हुआ, आमजन एवं प्रकृति-पर्यावरण रक्षा का यह कवच ध्वस्त भी हुआ है। अरावली की आयु भूगर्भीय दृष्टि से करोड़ों वर्षों में आंकी जाती है। यह हिमालय से भी पुरानी है। यही कारण है कि अरावली का स्वरूप अपेक्षाकृत निचला और क्षरित दिखाई देता है, किंतु इसका महत्व कहीं अधिक गहरा है। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के बड़े हिस्सों में वर्षा जल का संचयन, भूजल रिचार्ज और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण अरावली के कारण ही संभव है। थार मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकने में अरावली की भूमिका किसी अदृश्य दीवार की तरह है। आज के समय में पर्यावरणीय संकट बहुआयामी हो चुका है-जल संकट, वायु प्रदूषण, जैव-विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित शहरी विस्तार। इन सभी चुनौतियों का एक साझा समाधान अरावली जैसी प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण है। दुर्भाग्यवश, खनन और निर्माण गतिविधियों ने इस पर्वतमाला को गहरे घाव दिए हैं। पत्थर, संगमरमर और अन्य खनिजों के लिए की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने न केवल पहाड़ों को खोखला किया है, बल्कि आसपास के गांवों, नदियों और जंगलों को भी संकट में डाल दिया है। लगातार संकट से घिर रही अरावली को बचाने के लिये एक याचिका 1985 से न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाये। अब भी खनन जारी रहा तो उससे होने वाले लाभ से कई गुणा ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पडेगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर अरावली के संरक्षण को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से ह्व100 मीटर ऊंचाईह्व जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह तर्क न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से कमजोर है, बल्कि पर्यावरणीय समझ के भी विपरीत है। खनन की वजह से अरावली की छलनी हो चुकी है।

पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण अल्पकालिक आर्थिक लाभ को दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुरक्षा से ऊपर रखता है। राजस्थान सरकार की कुछ पहलें संरक्षण की दिशा में सराहनीय कही जा सकती हैं, जैसे वन क्षेत्रों की अधिसूचना, अवैध खनन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय स्वीकृतियों की सख्ती। किंतु इन प्रयासों के समानांतर ऐसी नीतिगत ढील भी दिखाई देती है, जो खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि नियंत्रित खनन से विकास संभव है। परंतु अनुभव बताता है कि ह्लनियंत्रितह्व शब्द व्यवहार में अक्सर अर्थहीन हो जाता है। भले ही वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि सिर्फ 277 वर्ग किमी में ही खनन की अनुमति है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई परिभाषा से खनन बढ़ेगा नहीं, बल्कि अवैध खनन रूकेगा। विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना एक पुरानी भूल है। सच्चा विकास वही है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर हो। अरावली का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। जिन क्षेत्रों में अरावली को नुकसान पहुंचा है, वहां जल स्तर गिरा है, तापमान बढ़ा है और जैव-विविधता घट गई है। दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा और जल संकट में अरावली के क्षरण की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अरावली में वन्यजीव लगभग खत्म होने को है। खनन के विकल्प पर विचार करना होगा। खनन मुख्यत पत्थर के लिये होता है और पत्थरों से सुन्दर घर बनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है, इस परम्परा पर नये सिरे से चिन्तन करने की अपेक्षा है। घर या इमारत बनाने के दूसरे संसाधन पर सोचना होगा। जिनसे मकान तो बहुत बन जायेंगे, पर कटने वाले पहाड़ फिर कभी खड़े नहीं होंगे। पर्यावरण एवं प्रकृति रक्षक ये पहाड़ कहां से लायेंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के साथ-ही-साथ उत्तराखण्ड में भी जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चिन्ता का इजहार किया है। लेकिन अदालतों के साथ सरकारों को भी पर्यावरण, प्रकृति, पहाड़, पहाड़ी जंगलों एवं वन्यजीवों पर कड़ा रुख अपनाना होगा और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखना होगा।

तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो विश्व के अनेक देशों ने अपनी प्राचीन पर्वतमालाओं और प्राकृतिक संरचनाओं को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया है। यूरोप में आल्प्स, अमेरिका में रॉकी पर्वत और चीन में पीली नदी के बेसिन क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों में खनन और निर्माण पर कठोर नियंत्रण है, क्योंकि वहां यह समझ विकसित हो चुकी है कि प्रकृति की कीमत पर आर्थिक समृद्धि टिकाऊ नहीं होती। भारत में भी इस सोच को अपनाने की आवश्यकता है। अरावली केवल जल का स्रोत नहीं है; यह जैव-विविधता का आश्रय है। यहां पाए जाने वाले वनस्पति और जीव-जंतु पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जंगलों की कटाई और पहाड़ों की खुदाई से वन्यजीवों का आवास नष्ट होता है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता है। यह समस्या केवल पर्यावरणीय नहीं, सामाजिक भी है।

आज देशभर में अरावली के संरक्षण को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। ये आंदोलन इस बात का संकेत हैं कि समाज अब खामोश नहीं रहना चाहता। नागरिकों, पर्यावरणविदों, न्यायपालिका और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद आवश्यक है। यह समय भावनात्मक नारों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने का है-खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी। बीज अगर आज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्यार का बोए जाएंगे, तो कल स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित भविष्य का फल मिलेगा। अरावली बचेगी तो भारत खुशहाल रहेगा, यह केवल कविता की पंक्ति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक सत्य है। धरती मां की रक्षा करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। यदि आज हमने लालच को प्राथमिकता दी, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। अंततः, अरावली का सवाल केवल एक पर्वतमाला का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो विकास को विनाश से अलग देखती है। इतिहास उन्हीं समाजों को याद रखता है, जिन्होंने प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर प्रगति की। आइए, हम भी वही इतिहास लिखें, जहां हर आवाज शोर बने और अरावली के साथ जीवन भी भरपूर सुनिश्चित हो।

## उदय किशोर साह



### जालिम ये जिन्दगी


कविता

जिसने देखा है आभाव की मंजर
जिसने देखा है दु:खों का आसमान
उनसे जाकर कभी पूछ ही लेना
क्या होती है गरीबी की बेरहम जहान
कभी भूख ने तड़पाया है ये तन मन को
कभी गम ने रूलाया है जार जार
कभी ठंड की ठिठुरन ने रूलाया है
कभी महाजन की डाँट व फटकार
रो रो कर गुजारा है वो दिन सावन के
जब टपकता था पर्णकुटी से वर्षा की फुहार
पड़ोसी के घर पकता था मालपुआ
अपने घर ना था पेट भरने को ज्वार
आँखों में बसा था रंगमहल की सपना
पर दूर से ही चिढ़ाता था गाँव जवार
ढुँढ़ ढुँढ़ कर थक गई थी दो आँखें
फिर भी ना मिला था अपनों का यार
कैसी कैसी व्यंग तीर चुभे थे मन में
कैसी थी पीड़ा का वो भारी भरकम पहाड़
क्यूं जन्म दी है गरीबी की ये जीवन
क्यूं दी है प्रभु ये आभाव का जालिम संसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खाने की आदत बदलें, वरना पछताएंगे, जंक फूड की लत दे रही मोटापे और हार्मोनल असंतुलन को दावत



नमकीन, नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और ब्रेकफास्ट सीरियल जैसी पैकेट बंद चीजें न सिर्फ बच्चों बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके पीछे छिपे खतरे बेहद गहरे होते हैं। आज के समय में हमारी दिनचर्या में सुविधाजनक और स्वादिष्ट दिखने वाला जंक फूड तेजी से जगह बना चुका है। खासकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जंक फूड की खपत काफी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में अब यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। नमकीन, नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और ब्रेकफास्ट सीरियल जैसी पैकेट बंद चीजें न सिर्फ बच्चों बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके पीछे छिपे खतरे बेहद गहरे होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जंक फूड के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कई गुना बढ़ी बिक्री**

करीब पिछले 15 सालों में भारत में पैक्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की बिक्री काफी ज्यादा बढ़ गई है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक इस साल इन उत्पादों का मार्केट 50 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच सकता है। यह तेज बढ़ोतरी एक्सपर्ट्स के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। क्योंकि इसका सीधा संबंध बढ़ते मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से है।

**मोटापा और हार्मोनल असंतुलन**

वहीं जंक फूड में पोषण का संतुलन गायब होता है। जंक फूड में फाइबर, विटामिन या प्राकृतिक तत्वों की जगह नमक, चीनी, तेल और आर्टिफिशियल रंग होते हैं। यही कारण है कि इनको खाने के बाद पेट भर जाता है, लेकिन हमारे शरीर को जरूरी ऊर्जा नहीं मिल पाती है। वहीं हमें ऐसी चीजें बार-बार खाने की आदत डाल देती हैं। यह आदत धीरे-धीरे हार्मोनल असंतुलन, मोटापा और सेहत से जुड़ी अन्य समस्याओं को जन्म देती है।

**दोगुना बढ़ा मोटापा**

बता दें कि देश में मोटापे की स्थिति चिंताजनक है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में मोटापे 12% से बढ़कर 23% तक पहुंच गया है। वहीं महिलाओं में यह 15% से बढ़कर 24% पहुंच चुका है। यानी की कुछ ही सालों में दोनों ही श्रेणियों में मोटापा करीब दोगुना बढ़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बढ़ोत्तरी उतनी ही खतरनाक है, जितना कि प्रदूषण से फेफड़ों पर पड़ने वाली मार खतरनाक है।

**अब नहीं संभले तो कब संभले**

इन सभी बातों से साफ है कि जंक फूड का बढ़ता मार्केट सिर्फ स्वाद का मामला नहीं बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। जरूर है कि लोग जागरुक हों, घर में स्वास्थ्यवर्धक ऑप्शन को प्राथमिकता दें और बच्चों में सही खानपान की आदतों को विकसित करना चाहिए। अगर अभी यह कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले सालों में मोटापा और इससे जुड़ी बीमारियां ज्यादा तेजी से बढ़ सकती हैं।

# छुट्टियों में दिल्ली वालों के लिए स्वर्ग, 500 किलोमीटर के अंदर इन 10 हिल स्टेशनों पर पाएं सुकून



आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। ज्यादातर लोग घूमने के शौकीन होते हैं, लेकिन सफर पर जाने के लिए छुट्टियां नहीं रहती हैं। ऐसे में जो लोग घूमना चाहते हैं, वह अपने शहर के आसपास शानदार जगहों की तलाश करते हैं। दिल्ली के पास उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य हैं, जोकि हिल स्टेशन्स के मामले में काफी ज्यादा समृद्ध हैं। वहीं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सबसे ज्यादा लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**मसूरी**

दिल्ली से मसूरी करीब 290 किमी दूर है। यहां पर आने के लिए आपको करीब साढ़े 6 घंटे का समय लग सकता है।

**नैनीताल**

दिल्ली से नैनीताल 300 किमी के अंदर है। ऐसे में अगर आप दिल्ली से नैनीताल की यात्रा करना चाहते हैं तो लगभग 7 घंटे का समय लगेगा। नैनीताल में आप नैनी झील, माल रोड और नैना देवी मंदिर आदि देख सकते हैं।

**लैंसडाउन**

बता दें कि दिल्ली एनसीआर से लैंसडाउन की दूरी करीब 258 किमी है। ऐसे में आप 6 घंटे का सफर तय करके इस जगह पर पहुंच सकते हैं।

**चोपता**

दिल्ली में रहने वाले लोग चोपता घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से चोपता की दूरी करीब 414 किमी है। इसका सफर तय करने में 10 से 11 घंटे का समय लग सकता है। यह हिल स्टेशन भी पर्यटकों का पसंदीदा जगह है।

**गोपेश्वर**

गोपेश्वर में भी घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें हैं। आप यहां पर ओक व्यू, सागर गांव, गोपीनाथ मंदिर और तुंगनाथ मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। दिल्ली से गोपेश्वर की दूरी करीब 450 किमी है।

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे फेमस हिल स्टेशनों में शिमला का नाम सबसे पहले आता है। हर साल देशभर से शिमला में लाखों पर्यटक आते हैं। दिल्ली से शिमला की दूरी करीब 342 किमी है। जहां पर 5-6 घंटे का सफर करके पहुंचा जा सकता है।

**कसौली**

दिल्ली से कसौली की दूरी करीब 300 किमी है। यहां पर पहुंचने के लिए आपको 8 घंटे का समय लग सकता है। कसौली भी एक पॉपुलर हिल स्टेशन है।

**मैक्लोडगंज**

वहीं दिल्ली से मैक्लोडगंज की दूरी करीब 500 किमी के अंदर है। यह सफर आप 11 घंटे में तय कर सकते हैं। मैक्लोडगंज में आप त्रिकुंड, नामगयाल मठ और भागसूनाथ मंदिर आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कसोल**

करीब 500 किमी की दूरी के तहत आने वाले दिल्ली के करीबी हिल स्टेशनों में कसोल का नाम भी शामिल है। कसोल की शांति और सुंदर दृश्य आपके मन को प्रफुल्लित कर देंगे।

**धर्मकोट**

अगर आप दिल्ली एनसीआर के रहने वाले हैं, तो आप 9-10 घंटे का सफर तय करके हिमाचल प्रदेश के धर्मकोट की यात्रा पर जा सकते हैं। बता दें कि दिल्ली से धर्मकोट की दूरी करीब 486 किमी दूर है।

# मथुरा पहुंचे नव निर्वाचित उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**।भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष माननीय पंकज चौधरी के प्रथम मथुराझवृन्दावन आगमन पर शनिवार एन.के. ग्रुप वृन्दापुरम, जीएलए यूनिवर्सिटी के समीप, नेशनल हाईवे पर भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर इकाई द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मथुरा महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित समर्पित एवं देवतुल्य कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य,



विधान परिषद सदस्य एवं मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, सांसद सतीश गौतम, पूर्व ऊजार्मंत्री एवं विधायक श्री कांत शर्मा,ठा. मेघश्याम, विधान परिषद सदस्य ठा. ओमप्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकताओं से कहा कि मथुराझवृन्दावन की पुण्य भूमि से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास को नई गति मिली है। महानगर अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मथुरा महानगर संगठन आने वाले समय में और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी दायित्वों को पूरी एकजुटता के साथ सफलतापूर्वक निभाएगा। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी के प्रथम मथुराझवृन्दावन आगमन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

# 24 जनवरी को वृन्दावन परिक्रमा करेंगे यादव

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, महिला इकाई एवं श्रीकृष्ण अहिरानी बृजवासी यदुवंशी परिवार के तत्वावधान में 24 जनवरी 2026 को वृन्दावन परिक्रमा लगाई जाएगी । पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति, श्रीकृष्ण संस्कृति के संवर्धन के लिए यादव समाज के विभिन्न राज्यों के ख्यातिलब्ध लोग ब्रजवास करेंगे। इसकी तैयारी बैठक गिरवरधाम नगला बुर्जा वृन्दावन पर हुई।

बैठक में वृंदावन परिक्रमा की तैयारी को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी पहलाद यादव ने बताया इस परिक्रमा में यादव समाज का गौरव बढ़ाने वाली अहिरानी यदुवंशी परिवार की लिरिबन मैडम, पद्मश्री छत्तीसगढ़ से फूलवाशन दीदी, महामंडलेश्वर डॉक्टर विजयलक्ष्मी, उज्जैन मध्य प्रदेश से



कृष्ण भक्ति शोभा यादव, महारास ग्रंथ की रचयिता पद्मश्री उषा यादव के अतिरिक्त महाराष्ट्र ,गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उड़ीसा से कृष्ण भक्त वृंदावन ब्रज परिक्रमा में भाग लेने आ रहे हैं। परिक्रमा सुबह 8 बजे से परिक्रमा शुरू होगी।इसके लिए सभी यदुकुल वंशज ठाकुर श्री पर्यावरण बिहारी जी मंदिर लता भवन परिक्रमा मार्ग अटल्ला चुंगी के पास वृन्दावन पर एकत्रित होंगे।

बैठक में गजेंद्र यादव एडवोकेट, सुरेंद्र यादव मिठाई वाले, मिश्रीलाल एडवोकेट, गया यादव, डॉ सतीश, डॉक्टर अनिल, ललित, रामकृपाल सिंह, विजय, मुख्तियार सिंह, अनिल यदुवंशी, नीरज क्रांति, दिनेश, अनंतराम यादव एडवोकेट आदि ने तैयारी को लेकर अपने विचार व्यक्त रखे।

## श्रीजी बाबा विद्यालय का पूर्व छात्र सचिन कुंतल बना लेफ्टिनेंट कर्नल



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद् ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने पूर्व छात्र भैया सचिन कुंतल का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भैया सचिन कुंतल अभी हाल ही में प्रमोशन पाकर लेफ्टिनेंट कर्नल बने हैं। विद्यालय के प्राचार्य हरेंद्र सारस्वत ने लेफ्टिनेंट कर्नल बने पूर्व छात्र भैया सचिन कुंतल को विद्यालय में पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और आगे के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आठ नामजद व पच्चीस अज्ञात के खिलाफ मारपीट

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद**। मिजार्मुराद पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती के तहरीर पर शुक्रवार की देर रात आठ नामजद व पच्चीस अज्ञात के खिलाफ, बलवा, घर में घुसकर मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई ।जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के करधना चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने शुक्रवार की देर शाम मिजार्मुराद थाने पहुंचे तहरीर देकर आरोप लगाई की बाइक से घर जा रहे शांतनु उपाध्याय व मोहित तिवारी को कुछ मनबढ़ युवक रोकर भद्दी-भद्दी मां-बहन की गाली गलौज दिये और थोड़ी देर बाद ही करीब तीस की संख्या में मनबढ़ युवकों ने लाठी-डंडा, कट्टा, कुल्हाड़ी लेकर दरवाजे पर चढ़ आए और गगन कुमार ने कट्टा तानते हुए ललकार की सभी लोग घर में घुसकर मारो सालों को जिसपर आए हुए सभी अन्य लोग घर में घुसकर लाठी-डंडा से बुरी तरह मारपीट चाचा वीरेंद्र तिवारी, चचेरे भाई अंबुज तिवारी व मयंक तिवारी, चाची संगीता व भाभी राधा को घायल कर दिये और मुझे अशब्द बोलते हुए कपड़े फाड़ दिये और चीखपुकार की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग जूट तो सभी जान से मारने की धमकी देने लगे घटना की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर आई तो सभी भाग निकले ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि युवती के तहरीर करधना गांव (मिजार्मुराद) निवासी सत्यम कुमार, मनीष कुमार, नितिन कुमार, गगन कुमार, नागेश कुमार, सावन कुमार, पाण्डे, नीरज कुमार समेत पच्चीस अज्ञात के खिलाफ बी.एन. एस की धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 351(2) व 76 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।घायलों को मेडिकल हेतु शनिवार को भेजा जा रहा है।

## करणी सेना जिलाध्यक्ष के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री विक्रांत सिंह को फोन कर गाली गलौज और धमकी देने और उनकी व्यक्तिगत नंबर आदि जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में वाराणसी के पार्वती नगर पांडेयपुर निवासी आलोक कुमार डालू के खिलाफ थाना सारनाथ में एफआईआर पंजीकृत हुई जानकारी अनुसार बताया गया की बीते 20 दिसम्बर 2025 को सुबह 9:26 पर आलोक कुमार सिंह ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री विक्रांत सिंह को फोन कर धमकी दी और उनकी व्यक्तिगत मोबाइल नंबर आदि साझा कर के अपशब्द लिखे जिससे आहत होकर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया विक्रांत सिंह के द्वारा बताया गया की ईडब्लूएस आरक्षण के लिए सर्वण समाज की लड़ाई लड़ने के कारण कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा क्षुब्द होकर असंवैधानिक हरकत की गई जिसके बारे में प्रशासन को सूचित कर कार्यवाही हेतु एफआइआर दर्ज कराई गई

## पुलिस लाइन बुलंदशहर में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को दिया गया आधुनिक फॉरेंसिक प्रशिक्षण

बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध विवेचना को अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस लाइन बुलंदशहर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए फॉरेंसिक/फील्ड यूनिट की टीम द्वारा फॉरेंसिक विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आरक्षियों को अपराध स्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्यों के महत्व से अवगत कराना तथा उनके सुरक्षित संकलन, संरक्षण एवं न्यायालय में प्रस्तुतिकरण की सही प्रक्रिया की जानकारी देना था।

प्रशिक्षण के दौरान अपराध स्थल प्रबंधन, फॉरेंसिक साक्ष्यों की पहचान, संग्रहण, पैकेजिंग, सीलिंग तथा चेन ऑफ कस्टडी की प्रक्रिया को उदाहरणों के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया तुलसी दिवस



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**।ब्रज कला केंद्र के प्रांगण में शुक्रवार को तुलसी दिवस का आयोजन किया गया, संस्था के महामंत्री राजेंद्र बंसल द्वारा दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। ब्रज संगीत विद्यापीठ की प्रबंधक शालिनी शर्मा ने बताया की छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें तुलसी गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया ।कार्यक्रम में उपस्थितजनों को तुलसी के पौधे वितरण किए गए तथा तुलसी दिवस की मंगल बधाइयां दी। उमेश गोयल,राजू हाथी वाले, संजय शर्मा डॉ राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल, रश्मि शर्मा, भावना शर्मा, सुनीता अग्रवाल, कृष्ण बीना गर्ग, रुचि द्विवेदी, शिल्पी अग्रवाल, देवेश द्विवेदी, गुंजन शर्मा,प्रेरणा शर्मा, प्रिया कोमल आदि सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शालिनी शर्मा द्वारा किया गया।

## छात्राओं को थाना भम्रण करवाकर दी गई हेल्पलाइन की जानकारी



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद** कछवारोड़ ।मिजार्मुराद थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा शनिवार को आराजी लाइन ब्लॉक के प्रतापपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पड़ने वाली छात्राओं को थाना परिसर में बुलवाकर भम्रण करवाने के साथ ही मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई ।मिजार्मुराद थाने की मिशन शक्ति टीम की प्रभारी महिला एसआई अनुजा गोस्वामी द्वारा छात्राओं को थाने पर बुलाकर भम्रण करवाने के साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पुलिस हेल्पलाइन 112 व वूमेन हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 व गुड टच व बैड टच के बारे में व सरकार द्वारा चलाए जा रहे अन्य योजनाओं के बारे में प्रमुखता से छात्राओं को जानकारी दिया गया ।इस अवसर पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, एसआई अजय तिवारी, एसआई सुमन साहू, महिला कांस्टेबल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीवीएस मीडिया अवॉड्र्सझ्र2025: समीर वानखेड़े बोले, 'पत्रकारों की सतर्कता से समाज सुरक्षित

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद**। पीवीएस मीडिया अवॉड्र्सझ्र2025 में भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी समीर वानखेड़े ने कहा कि पत्रकारों की पैनी निगाह के कारण प्रशासन अधिक जिम्मेदारी से काम करता है, जिससे समाज सुरक्षित रहता है। वे मालाड पश्चिम स्थित साई पैलेस सभागृह में पत्रकार विकास संघ (पीवीएस) के 17वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अध्यक्ष आनंद मिश्र, महासचिव अजय सिंह और प्रमुख सलाहकार सुनील सिंह ने उनका सम्मान किया। जोन-11 के डीसीपी संदीप जाधव विशेष रूप से उपस्थित रहे ।समारोह में पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किए गए। श्रेष्ठ संपादक पीवीएस ज्यूरी अवॉर्डझ्र2025




ह्यआपलं महानगरह्ण के संपादक संजय सावंत को और पीवीएस ज्यूरी रजत जयंती अवॉर्डझ्र2025 ह्यदैनिक जागरणह्ण के ब्यूरो हेड ओमप्रकाश तिवारी को मिला। पीवीएस जीवन गौरव (पत्रकारिता) अवॉर्डझ्र2025 ह्यदोपहर का सामनाह्ण के वरिष्ठ पत्रकार शेषनाथ सिंह को जबकि फोटोग्राफी में जीवन गौरव सम्मान प्रदीप धीवर को प्रदान किया गया ।अन्य सम्मानों में बेस्ट पॉलिटिकल रिपोर्टर दीपक कैतके (ह्यदैनिक महासागरह्ण), बेस्ट रिपोर्टर (जनरल) भानु प्रकाश मिश्र (ह्यदैनिक भास्करह्ण), बेस्ट क्राइम रिपोर्टर डॉ. अखिलेश तिवारी (ह्यएनबीटीह्ण), बेस्ट यंग जर्नलिस्ट नम्रता अरविंद दुबे, बेस्ट डिजिटल जर्नलिस्ट प्रवीण नलावडे, बेस्ट टीवी रिपोर्टर कृष्णा सोनारवाडकर, बेस्ट फोटोग्राफर शैलेश जाधव और बेस्ट वीडियो जर्नलिस्ट राजेंद्र दशरथ धयालकर को सम्मानित किया गया। अंशकालिक पत्रकारिता के लिए पीवीएस ज्यूरी अवॉर्ड (स्व. शिवा देवनाथ स्मृति) अनिल शुक्ला (ह्यएनबीटीह्ण) को और संपादकीय के लिए विक्रम जादव को दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अभय मिश्र और सुनील सिंह ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विनोद दुबे, महेश दुबे और मुकेश गौतम ने दीं।

समारोह में विधायक संजय उपाध्याय, विधायक असलम शेख, आचार्य पवन त्रिपाठी, अनिल गलगली, अमरजीत मिश्र, कन्हैयालाल सराफ, डॉ. राधेश्याम तिवारी, विनोद मिश्र, डॉ. एन.एन. पांडेय, गंगाराम जमनानी, दिलीप सपाटे, राजा अदाटे, पद्मभूषण देशपांडे, अरुणा राजेंद्र जैन, राजेंद्र जैन, श्रीश उपाध्याय, प्रशांत बारशिंग, विजय सिंह कौशिक, विनोद यादव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, उदय प्रताप सिंह, रामविलास सिंह, पत्रकार विनीत त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और गणमान्य उपस्थित रहे।

## सड़क व वाहनों में शराब पीने वालों पर पुलिस की कार्रवाई, 20 का चालान



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़**। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं वाहनों में शराब पीते पाए गए 20 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान किया गया ।कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख चौराहों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस टीमों को तैनात कर निगरानी की गई। जांच के दौरान कुछ लोग वाहन चलाते समय तथा कुछ सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीते हुए पाए गए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ आमजन को भी असुविधा हो रही थी ।कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि सभी 20 व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई है और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक विषय पर जिला स्तरीय एडवोकेसी व संवेदीकरण कार्यशाला संपन्न

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद**। वाराणसी में जिला अधिकारी के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के जिला स्तरीय एडवोकेसी एवं संवेदीकरण कार्यशाला सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा तक कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर प्रसाद ने कहा कि एचआईवी/एड्स एक सामाजिक मुद्दा है जिस सामाजिक संवेदीकरण के माध्यम से ही रोका जा सकता है ।कार्यक्रम के अध्यक्षता करते डॉ पीयूष राय जिला क्षय



रोग अधिकारी वाराणसी तथा नोडल अधिकारी दिशा वाराणसी मंडल ने कहा कि हमें अभियान के रूप में एचआईवी/एड्स संबंधी जागरूकता को चलाना है ताकि अधिक से अधिक लोग अपने एचआईवी स्टेटस को जान सके और यदि किसी का एचआईवी स्टेटस धनात्मक आता है तो उसे शीघ्र ही अपनी दवा शुरू कर गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना चाहिए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल, एआरटीसी की सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रीति अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं में होने वाले एचआईवी संक्रमण के रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा किया ।काशी हिंदू विश्वविद्यालय एसएस हॉस्पिटल के एआरटी सेंटर की मेडिकल ऑफिसर डॉ अर्चना सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता तथा उसके उपलब्ध जांच सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया ।दिशा क्लस्टर वाराणसी के सीपीएम मनीष कुमार सिंह एसएसपीजी हॉस्पिटल आईसीटीसी की वरिष्ठ परामर्शदाता मनीषा राय तथा सुरक्षा क्लिनिक बीएचयू की परामर्शदाता स्वाति सिंह ने पीपीटी के माध्यम से वाराणसी जनपद में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा सुविधाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया ।कार्यशाला की आयोजन में पूनम गुप्ता सीएसओ व चेतन श्रीवास्तव डीएमडीओ दिशा वाराणसी मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम में वाराणसी जनपद के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता स्टेक होल्डर्स व एड्स कंट्रोल प्रोग्राम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहभागिता किया।

# एक्सीलेंस द्वारा कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**दिल्ली चुंगी मेरठ** स्थित एक्सीलेंस कॉमर्स एजुकेशन संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम (सीटीएसई) के अवार्ड समारोह का आयोजन चैम्बर ऑफ कॉमर्स मेरठ में किया गया जिसमें कक्षा 11 एवं 12 के लगभग 600 छात्रों ने माता पिता सहित भाग लिया एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के टिप्स प्राप्त किये। संस्थान के डायरेक्टर सीए ऋषभ जैन एवं सीए जितेंद्र कुमार ने बताया कि सीटीएसई के सातवें संस्करण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में छुपी प्रतिभा को खोजना है। ऋषभ एवं जितेन्द्र ने मिलकर एक सपना संजोया कि मेरठ को कॉमर्स एजुकेशन हब के रूप में जाना जाए जिसके लिए उन्होंने छात्रों की उच्च शिक्षा हेतु उन्हें योग्यता अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की। कक्षा 12 में प्रथम स्थान गौरी अग्रवाल, द्वितीय स्थान अविका गोयल एवं आदि जैन को प्राप्त हुआ। कक्षा 11 में प्रथम स्थान हर्शिया सडाना, द्वितीय स्थान प्रथा निषाद एवं साँची अग्रवाल को प्राप्त हुआ जिसके उपरांत टॉप 30 का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरिंजय जैन को सम्मानित किया गया जिन्होंने मार्च 2025 में सीबीएसई द्वारा आयोजित बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 96.8% के साथ सीए ऋषभ जैन के मार्गदर्शन में एकाउंटेंसी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये। मीडिया प्रभारी संजीव जैन (गॉडविन) सहित सभी मुख्य शिक्षको नीरज गर्ग, कुलदीप कुमार, रचित वाही, सीएस शिल्पी मांगलिक, मनु जैन, सारिका, चारु, रुचि, नेहा, सुभान, यश ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## इग्नू अध्ययन केंद्र पर प्रवेश शुरू, 31 जनवरी तक होंगे आवेदन

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र पर जनवरी सत्र के लिए लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। उच्च शिक्षा के इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन होंगे। कॉलेज के केंद्र पर कला, वाणिज्य, प्रबंधन, शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, पत्रकारिता, पर्यावरण, योग ,लाइब्रेरी साइंस सहित अनेक विषयों में पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से पत्राचार के माध्यम से उच्च शिक्षा को सुलभ तरीके से प्रदान किया जा रहा है। केंद्र की समन्वयक डॉ. रिम्पल पुंडीर ने बताया कि केंद्र ऑनलाइन आवेदन इग्नू के समर्थ पोर्टल के माध्यम से होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित पात्रता, शुल्क एवं पाठ्यक्रम विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम नौकरीपेशा, गृहिणी, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं उच्च शिक्षा से वंचित वर्गों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं।

# फेविकोल कार्निवल का भव्य आयोजन ठेकेदार साथियों एवं परिवारों के लिए किया गया

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड फेविकोल डिवीजन द्वारा मेरठ में अपने सम्मानित ठेकेदार साथियों एवं उनके परिवारों के लिए ह्लफेविकोल कार्निवलह्व का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ठेकेदार समुदाय के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करना तथा उनके साथ आनंदपूर्ण व यादगार क्षण साझा करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्लाईवुड एसोसिएशन मेरठ के सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा किया गया , जिनमें मनीष शारदा अध्यक्ष, अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष सुमन प्रकाश गुप्ता महामंत्री मनुल अग्रवाल अनुल अग्रवाल झ्र सिद्धबली एजेंसीज (अधिकृत वितरक) मुख्य रूप से मौजूद रहे इस अवसर पर पीडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण केशव सिंह (जोनल सेल्स मैनेजर), साहिल अरोड़ा (ब्रांच मैनेजर) एवं अश्विन सिंह (रीजनल फील्ड मार्केटिंग मैनेजर) की गरिमामयी उपस्थिति भी रही । कार्यक्रम के दौरान गेमिंग जोन, गिफ्ट रिडेम्पशन जोन, मेहंदी एवं आर्ट, स्वास्थ्य जांच शिविर, फूड कोर्ट तथा संगीत, कॉमेडी एवं मैजिक शो जैसे आकर्षक आयोजन किए जाएंगे, जो पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और सहभागिता से भरपूर अनुभव प्रदान करेंगे। यह ह्लफेविकोल कार्निवलह्व ठेकेदार समुदाय के प्रति पीडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और आपसी सहयोग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# अजमेरी मस्जिद, हाथीपुर उत्तरी में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 814वां उर्स-ए-कुल मनाया गया

मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी:** हाथीपुर उत्तरी स्थित अजमेरी मस्जिद में हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) का 814वां उर्स-ए-कुल शरीफ अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। मस्जिद इमाम मोहम्मद रहीस जी ने उर्स के दौरान कुरआन ख्वानी, नात-ओ-मनकबत और ख्वाजा गरीब नवाज की शान में तकरीरें पेश की गईं। अकीदतमंदों ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के इलाकों से आए अकीदतमंदों ने शिरकत की। उलेमा-ए-किराम ने ख्वाजा साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए उनके बताए रास्ते—इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे—पर चलने की अपील की। उर्स के मौके पर लंगर का भी खास इंतजाम किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उर्स पूरी अकीदत और सादगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सलातो-सलाम के बाद मुल्क की तरक्की, अमन और आपसी सौहार्द के लिए खास दुआ की गई।

# महाराजा अग्रसेन समिति न्यास, प्रयागराज का ऐतिहासिक निर्णय: दांडी स्थित भूमि क्रय प्रस्ताव पर सर्वसम्मति, अग्रिम राशि प्रदान

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** महाराजा अग्रसेन समिति न्यास, प्रयागराज द्वारा समाज के समग्र विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया गया। दिनांक 27 दिसंबर को आयोजित न्यास की बैठक में दीर्घकालिक योजनाओं के अंतर्गत दांडी स्थित भूमि क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। इसी क्रम में उक्त भूमि के क्रय हेतु आवश्यक अग्रिम राशि (एडवांस) विधिवत रूप से प्रदान कर दी गई। यह भूमि भविष्य में समाज की आवश्यकताओं—जैसे सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक केंद्र, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों—के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भूमि क्रय से समाज की वर्षों पुरानी आवश्यकता पूरी होने जा रही है। आगामी दिनों में शेष औपचारिकताओं को नियमानुसार पूर्ण कर भूमि क्रय की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। समिति ने इस महत्वपूर्ण निर्णय में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने वाले सभी सदस्यों एवं वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि समाज के सभी लोग भविष्य में भी इसी प्रकार एकजुट होकर संगठित विकास में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरीश चंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, सहमंत्री अनूप अग्रवाल सहित अभिनव अग्रवाल, वैभव गोयल, आदेश गोयल एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर के सीएचसी प्रभारी डॉ शशि भूषण को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के संचालित किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी में उत्कृष्ट कार्य के लिए डाक्टर सीमा अग्रवाल,अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,मेरठ ने गढ़मुक्तेश्वर सीएचसी प्रभारी डाक्टर शशि भूषण सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएचसी स्टाफ ने उन्हें बधाई दी जिले कई जगह पर चार्ज जैसे सिम्भावली ब्लॉक बीपीएचसी के सिखेड़ा में भी सीएचसी चार्ज व गोहरा में भी चार्ज और अब वर्तमान में गढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर राष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए डाक्टर शशि भूषण तहत को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी नाथ से किया गया प्रयास हमेशा सफलता दिलाता है।

डॉ शशि भूषण का बहुत ही सराहनीय कार्य करने सक्षम नजर आते रहते है।

जनता के प्रति उच्च अधिकारियों के सहयोग से कार्य को पूर्ण करने में सफलता लेते रहते है।डॉ शशि भूषण ने बताया कि यह प्रशस्ति पत्र स्टाफ की कोशिशों का परिणाम है। अवसर पर डाक्टर नरेंद्र पाल सिंह,डाक्टर सरताज अली,डाक्टर कुलवंत सिंह,फार्मेसिस्ट अजीत राणा आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया फोटोग्राफर स्थापना दिवस



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ** में ऑल प्रोफेशनल फोटोग्राफर एसोसिएशन ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में पांचवा स्थापना दिवस एवं मिनी फोटो फेयर स्थापना दिवस मनाया उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से हमारे फोटोग्राफर भाई पधारे सभी सम्मानित फोटोग्राफर भाइयों को फूल माला एवं मोमेंट को देखकर सम्मानित किया गया इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अतुल प्रधान सरधना और कर्मवीर सिंह गुमी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रहे अतुल प्रधान जी ने फोटोग्राफर लोगों का उत्साह बढ़ाया संरक्षक वीरेंद्र शर्मा राजाराम भारती संस्थापक हेमराज सैनी प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सैनी


प्रदेश संगठन मंत्री उमेश सिद्धार्थ प्रदेश महासचिव कुकिंग कुमार प्रदेश मीडिया प्रभारी आशु (अशरफ) मेरठ जिला अध्यक्ष प्रदीप तोमरमेरठ जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रजापति, नीतिश पाठक, राहुल कुमार, मिंटू सैनी, जॉनी, अमित कुमार, रविंदर, गौरव मित्तलमेरठ जिला मीडिया प्रभारी आशीष राणा मौजूद रहे

## बीएलओ को घर पर नहीं मिले 3.44 लाख मतदाता

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना फॉर्म भरकर जमा करने का समय पूरा हो गया। 31 दिसंबर को जिले के 1768367 मतदाताओं की कच्ची मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) प्रकाशित होगा। कुल तीन लाख 44 हजार 222 मतदाता अलग-अलग वजह से अभियान का हिस्सा नहीं बन सके। जिले में 344222 मतदाताओं के रिकॉर्ड का मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं हुआ है। कच्ची सूची के बाद नोटिस दिए जाने की तैयारी है। जिले की छह विधानसभा क्षेत्र के कुल 21 लाख 12 हजार 586 मतदाता अभियान का हिस्सा थे। इनमें सिर्फ 17 लाख 68 हजार 367 मतदाताओं को डिजिटाइज्ड किया जा सका। जिले का एसआईआर 83.71 प्रतिशत रहा। कुल 16.29 प्रतिशत मतदाताओं का अलग-अलग वजह से मिलान नहीं हो सका है। साल 2003 से अब तक 57185 मतदाता ऐसे सूचीबद्ध किए हैं, जिनका निधन हो चुका है। परिवार के सदस्यों ने बीएलओ को इसकी जानकारी दी।

# साजिशन गर्भपात व भ्रूण हत्या का आरोप, पत्नी समेत छह पर मुकदमा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर साजिश के तहत गर्भपात कर भ्रूण हत्या, लाखों रुपये नकद व जेवर चोरी करने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुसुम नगर, थाना बारादरी निवासी करन गंगवार पुत्र रामऔतार गंगवार ने बताया कि उनका विवाह 1 मार्च 2024 को जनपद पीलीभीत के ग्राम हंडा, थाना जहानाबाद निवासी सुरभि गंगवार पुत्री नरेश चंद्र से हुआ था। शादी के बाद कुछ समय तक दांपत्य जीवन सामान्य रहा। नवंबर 2024 में सुरभि के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल था। पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी सुरभि ने अपने भाई शरद गंगवार उर्फ सौरभ और सगे चाचा देवदत्त उर्फ देव गंगवार (निवासी मुड़िया तेली, नवाबगंज), जो भोजीपुरा सरकारी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर तैनात हैं, की मदद से बिना बताए गर्भपात करा दिया। करन का आरोप है कि यह गर्भपात पूरी तरह सोची-समझी साजिश के तहत कराया गया, जिससे अजन्मे शिशु की भ्रूण हत्या हो गई। करन गंगवार ने आरोप लगाया कि गर्भपात के बाद उसकी पत्नी अपने भाई की मदद से घर से 4 लाख 80 हजार रुपये नकद, 35 तोला सोने के जेवर (जिसमें उसकी मां के जेवर भी शामिल), 1 किलो 10 ग्राम चांदी लेकर मायके चली गई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने इस संबंध में पूछताछ की तो पत्नी ने उसके पिता पर झूठे आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी। बाद में समझौता और तलाक के नाम पर 12 लाख 50 हजार रुपये एकमुश्त ले लिए गए। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद ससुराल पक्ष समझौते की शर्तें मानने से मुकर गया। जब पैसे वापस मांगे गए तो पत्नी और उसके परिजनों ने झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।

पीड़ित की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने सुरभि गंगवार, उसके भाई शरद गंगवार उर्फ सौरभ, चाचा देवदत्त उर्फ देव गंगवार, पिता नरेश चंद्र, माता कमलेश, और मामा समेत अन्य परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रात में फटे दो इंसुलेटर, छह घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार देर रात अलग-अलग स्थानों पर दो इंसुलेटर फटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते महावीर चौक और टाउन हाल बिजली घर से आपूर्ति पाने वाली दर्जनों आवासीय कॉलोनियों में अंधेरा छा गया। सुबह नौ बजे तक ही आपूर्ति बहाल हो पाई। छह घंटे आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते विद्युत आपूर्ति में भी बाधा आ रही है। शुक्रवार देर रात करीब तीन बजे कोहरे के चलते सुजड़ू चुंगी के समीप मॉडल टाउन कॉलोनी के पीछे विद्युत लाईन का इंसुलेटर फट गया। इस कारण अचानक महावीर चौक और टाउन हॉल बिजली घर की आपूर्ति लड़खड़ा गई। सुबह होने पर ऊर्जा निगम कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। काफी मशक्कत के बाद फाल्ट मिला। मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया।

लेकिन औद्योगिक आस्थान के समीप लाइन में एक ओर स्थान पर इंसुलेटर फटा मिलने के कारण आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। इसके उपरांत ऊर्जा निगम टीम को फिर से काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के नाम पर चल रही थी नकली वेबसाइट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) बरेली के नाम और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर एक नकली वेबसाइट संचालित किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे सुनियोजित साइबर धोखाधड़ी करार देते हुए जिला पुलिस को सूचना देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। थाना बारादरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.नस्त्र१४.ल्ल है, लेकिन इसके नाम से मिलती-जुलती एक नकली वेबसाइट ६६६.नस्त्र१४.ङ्क्ष्.ल्ल इंटरनेट पर सक्रिय पाई गई है। यह फर्जी वेबसाइट विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू नकल करते हुए सूचनाएं, नोटिस और अन्य सामग्री अपलोड कर रही है, जिससे छात्रों, अभिभावकों और आम जनता में भारी भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह फर्जी वेबसाइट किसी अज्ञात व्यक्ति या गिरोह द्वारा बनाई गई है, जिसका उद्देश्य छात्रों को गुमराह कर उनसे शुल्क व संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी हासिल करना हो सकता है। इससे न केवल छात्रों के साथ धोखाधड़ी की आशंका है, बल्कि विश्वविद्यालय की वर्षों पुरानी साख को भी गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के कोऑर्डिनेटर अख्तर हुसैन द्वारा कुलसचिव के माध्यम से इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए अनुरोध किया गया है कि एसएसपी बरेली को तत्काल आधिकारिक शिकायत भेजी जाए, ताकि फर्जी वेबसाइट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सके। उसके बाद शिकायत के आधार पर मुकदमर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के नाम से चल रही यह नकली वेबसाइट न केवल साइबर अपराध का मामला है, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा भी है।

## चार दशक रही विनय की दहशत, पहला अपहरण...आखिरी चोरी

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली से देहरादून के बीच चार दशक तक खाईखेड़ी गांव के विनय त्यागी उर्फ टिंकू की दहशत रही। पढ़ाई के दौरान 1985 में मेरठ के सिविल लाइन थाने में अपहरण का पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। आखिरी बार देहरादून में डॉ. प्रमोद त्यागी के घर खड़ी कार से जेवर, रुपये और कीमती सामान चोरी के मामले में नाम आया। पुरकाजी ब्लॉक से पत्नी निशी त्यागी को दो बार ब्लॉक प्रमुख बनाया और तीसरी बार चुनाव की तैयारी चल रही थी। उत्तराखंड की सीमा पर बसे खाईखेड़ी के किसान परिवार में जन्मा विनय त्यागी का बचपन मेरठ में बीता। पिता सेवाराम मेडिकल कॉलेज में क्लर्क थे। छात्र जीवन से ही इकलौता बेटा अपराध की राह पर चल पड़ा। वर्ष 1985 से अब तक कई मुकदमे दर्ज हुए लेकिन कभी अदालत में आरोप साबित नहीं हुआ।

# होटल के कमरे में डंपर चालक ने लगाई फांसी

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** बरेली-अलीगंज मार्ग पर राजपुर कला के पास स्थित एक होटल में ठहरे पंजाब निवासी डंपर चालक का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बलजिंदर सिंह के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची अलीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक के बेटे हंसदीप ने बताया कि उसके पिता करीब दो महीने पहले पंजाब से डंपर चलाने के लिए निकले थे। वे लगातार अलग-अलग स्थानों पर काम कर रहे थे और हाल ही में डंपर लेकर राजपुर कला थाना अलीगंज क्षेत्र पहुंचे थे। सोमवार शाम को वे एक स्थानीय होटल में ठहरे थे। होटल संचालक के अनुसार, बलजिंदर सिंह ने रात में खाना खाया और इसके बाद अपने कमरे में चले गए। मंगलवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो कर्मचारियों को शक हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो भीतर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। बलजिंदर सिंह का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। डंपर चालक ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है और मृतक के मोबाइल व अन्य सामानों की भी जांच की जा रही है।



घटना की सूचना जैसे ही पंजाब स्थित परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले बलजिंदर सिंह की मौत से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। अलीगंज थाना प्रभारी के अनुसार, होटल के कमरे को जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है।

# स्कूल आफ लाइफ एजुकेशन द्वारा नववर्ष कैलेंडर का भव्य लॉन्च








वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** शिक्षा के जीवन से जुड़े आयामों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने के उद्देश्य से स्कूल आफ लाइफ एजुकेशन (र.ड.छ.ए) द्वारा नववर्ष कैलेंडर लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रेरणादायक पहल धर्मार्थ समर्पण न्यास की ओर से की जा रही है, जिसे ए.आर.के. स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डिप्टी कमिश्नर हाउसिंग मांगे राम चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं शिक्षा और जीवन मार्गदर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली लाइफ कोच व एजुकेशनिष्ट सीमा वशिष्ठ तथा कानून का कायदा के संचालक, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वीरेंद्र पुंज, डॉ नीति तोमर समाजसेवी विशिष्ट वक्ता के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम में इवेंट इंडस्ट्री, फिल्म जगत, समाज सेवा, शिक्षा एवं मीडिया जगत से जुड़े अनेक माननीय एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। यह आयोजन हाउस ऑफ इल्यूजन कैफे, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में संपन्न होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के जीवन से जुड़े विभिन्न आयामों पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों के विचारों को जानना, उन्हें साझा करना तथा एक साझा मंच पर लाकर संवाद और सकारात्मक विमर्श को बढ़ावा देना है। स्कूल आफ लाइफ एजुकेशन का यह प्रयास शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे व्यक्ति और समाज के जीवन मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# कार की तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, तीव्र मोड़ पर हुई बेकाबू

वेलकम इंडिया



**बेहट (सहारनपुर)।** शाकंभरी देवी रोड पर शनिवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे की वजह कार की तेज रफ्तार मानी जा रही है। सड़क पर जिस जगह हादसा हुआ वहां तीव्र मोड़ है। चालक तेज रफ्तार के चलते कार पर नियंत्रण खो बैठा और कार लोहे के पोल से टकराते हुए पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार दो लोग तो छिटक कर बाहर जा गिरे जबकि दो के शव अंदर ही फंसे रह गए। घटना स्थल पर पहले से खड़े प्रत्यक्षदर्शी गांव फतेहपुर कलां निवासी संजय चौहान और नौगांवा निवास राहुल ने बताया कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि पहले वह पोल से टकराई और फिर पेड़ से टकरा कर वापस सड़क के बीचोंबीच आकर गिरी। एक बारगी ऐसा लगा जैसे कहीं बम फट गया हो। धमाके की आवाज सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दो लोगों के शव सड़क पर क्षत विक्षत हालत में पड़े थे, जिनके चेहरे भी पहचाने नहीं जा रहे थे। अंदर कार में फंसे दो लोगों को भी पुलिस की मदद से लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

# गुरु संसार का सर्वश्रेष्ठ नेटवर्क होता है - मुनि श्री विलोक सागर जी



वेलकम इंडिया

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** गुरु के बिना संसार में कुछ भी संभव नहीं है यह कहना है मुनि श्री विलोक सागर जी महाराज का पूज्य महाराज श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजाखेड़ा में आयोजित नवदेवचक्र महामंडल विधान के दौरान आयोजित प्रवचन सभा में आमजन को संबोधित कर रहे थे। महाराज ने कहा वर्तमान में लोग 3 जी, 4 जी, 5 जी के पीछे भाग रहे हैं लेकिन लोगों को यह नहीं पता कि संसार का सर्वश्रेष्ठ नेटवर्क जो होता है उसे गुरुजी के नाम से जाना जाता है। गुरु के बिना मानव के अंधकारमय जीवन में प्रकाश होना संभव नहीं है। अतः हमें जीवन में एक गुरु अवश्य बनाना चाहिए और गुरु के मार्गदर्शन में ही जीवनयापन करना चाहिए।

इससे पूर्व नित्य प्रति अभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया गया। शांतिधारा करने का मंगल अवसर संजय जैन कानपुर मुकेश जैन सुरेंद्र कुमार सत्येंद्र कुमार जैन एवं शोधर्म इंद्र परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सुनील कोठारी, कुन्तु जैन नितिन जैन राजू मुकेश जैन दिलीप जैन धारापुर महेश चौधरी प्रिंस जैन दिनेश कोठारी राकेश जैन सम्यक जैन महावीर जैन गौरव चौधरी महेश जैन रोकी जैन आशु जैन सहित संपूर्ण समाज के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# प्राचीन काली माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



जनपद बिजनौर नजीबाबाद ।नगर के टीला मंदिर स्थित श्री काली माता और शनि देव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शनिवार को नगर की मालिनी नदी तट पर स्थित श्री महाकाली और शनि देव मंदिर पर वर्ष के अंतिम शनिवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन नगर के मोहल्ला छतरी वाला कुआं मकबरा निवासियों द्वारा किया गया।सर्वप्रथम महाकाली मंदिर पर हवन पूजन पूरे विधि विधान के साथ कराया गया। हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में अपनी सेवा प्रदान करने वाले अंकित राजपूत, आशीष राजपूत एडवोकेट, विनायक कुमार, पंकज कुमार एडवोकेट, रुस्तम यादव, मोनिका यादव, आशीष पहलवान, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, विकास कुमार, विनीत कुमार आदि रहे। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

# गुरु गोविंद जयंती पर गुरुद्वारे पहुंची भाजपा नेत्री, वीर बाल दिवस पर पहुंची गुरुद्वारा

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान** । गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर धौलपुर के पचगांव रूंध स्थित गुरुद्वारे पर भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा पहुंची जहां उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर परसादी ग्रहण की और गुरुद्वारे में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी प्रबंधक राजेंद्र सिंह मान सहित सिख समाज के अन्य लोगों ने भाजपा नेत्री का स्वागत सम्मान किया इस दौरान भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सिक्खों के दशवे एवं अंतिम मानव गुरु थे जिनके पर्व को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है, वीर बाल दिवस का यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि साहस किसी उम्र का मोहताज नहीं होता गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादो और साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने धर्म आस्था और सत्य के लिए प्राण न्योछावर कर दिए उस समय जिनकी उम्र मात्र 6 वर्ष और 9 वर्ष थी जहां झुकने से इनकार कर दिया था यह साहस हमे वीरता का परिचय देता है। धर्म, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले, गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूत, साहिबजादे जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादे फतेह सिंह जी के पावन बलिदान दिवस ह्यवीर बाल दिवसह्ण पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अत्याचार के समक्ष अडिग खड़े रहे साहिबजादों ने अमर बलिदान, साहस, त्याग, और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का शाश्वत उदाहरण पेश किया, जो युगोंझ्रयुगों तक देश की चेतना को प्रेरित करता रहेगा।वीर बाल दिवस हमें सदैव सिखाएगा, सत्य के लिए खड़े रहना ही सबसे बड़ा धर्म है।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बालिका विद्यालय में एक्सपोजर विजिट का आयोजन




वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा ब्रांच नई दिल्ली के निर्देशन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर के स्टैंडर्ड क्लब 4378 द्वारा विद्यार्थियों हेतु एक्स्पोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस विजिट में स्टैंडर्ड क्लब की कुल 73 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं के वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने कहा विद्यार्थियों हेतु एक्सपोजर विजिट भारतीय मानक ब्यूरो की बहुत अच्छी पहल है। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं देख कर सीखने की भावना का विकास होता है।इस विजिट के दौरान छात्राओं ने एन एच 44 पर रीको में स्थित बजरंग प्लास्टिक एवं पी वी सी पाइप कंपनी का दौरा किया। स्टैंडर्ड क्लब मेंटर अनुपम पाराशर ने छात्राओं को पी वी सी पाइप बनाने की प्रक्रिया की प्रोसेसिंग समझाई। उन्होंने कच्चा माल, पीवीसी रेजिन, स्टेबलाइजर, फिलर्स, हाई स्पीड मिक्सर, एस्ट्रूडर, वैक्यूम सेटिंग टैंक, कूलिंग सिस्टम और कटर जैसे टेक्निकल शब्दों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ओम कोल्ड स्टोर का विजिट किया। वरिष्ठ अध्यापक वीर सिंह टांक ने बताया कि धौलपुर जिला आलू के प्रमुख उत्पादक ज़िलों में से एक है। आलू के वृहद उत्पादन के संरक्षण हेतु कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता पड़ती है। विज्ञान संकाय प्रभारी मंजू जादौन ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में शीतलन हेतु अमोनिया एवं कार्बन डाइऑक्साइड गैस का निर्माण कर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम रखा जाता है ।उप प्राचार्य भगवान सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को फैक्ट्री स्थापना एवं वायु प्रदूषण उत्पन्न करने वाले जहरीले रसायनों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिला ग्वालियर एवं आगरा जैसे औद्योगिक जिलों के मध्य स्थित है जो कि वायु प्रदूषण हेतु सुभेद्य है।

# सुबह के समय कोहरा, दिन में बादल और शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन

**सहारनपुर।** सुबह के समय घना कोहरा और दोपहर में हल्के बादल व शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ाए रखी। कुछ देर के लिए निकली धूप भी हल्की रही, जो सर्दी से राहत नहीं दिला सकी।

जनपद में पिछले तीन दिन से कोहरा छा रहा था, लेकिन वह आसमान में चढ़ा हुआ था, जिसकी वजह से नीचे मौसम साफ था और दृश्यता 500 मीटर से अधिक तक बनी हुई थी और वाहनों को चलने में परेशानी नहीं थी, लेकिन शनिवार की सुबह घना कोहरा रहा। दृश्यता 30 से 40 मीटर तक रही, जिसकी वजह से हाईवे पर वाहन दिन सुबह नौ बजे भी हेड लाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। पूर्वाह्न 11 बजे तक कोहरा घना रहा, लेकिन उसके बाद कोहरा छंटना शुरू हो गया। दोपहर करीब 12 बजे हल्की धूप निकली, लेकिन उसके बाद हल्के बादल निकल आए। शीतलहर और बादलों की छाया के कारण सर्दी का असर अधिक महसूस किया गया। न्यूनतम तापमान 10 और अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चौधरी जयंत सिंह का जीवन किसानों, श्रमिक वर्ग के लिए समर्पित - सरदार बलवीर सिंह

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद** ।नगर में राष्ट्रीय लोकदल ने शनिवार को पार्टी कार्यालय पर बैठक का आयोजन कर राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया। बैठक का आयोजन राष्ट्रीय लोकदल नेता बलवीर सिंह की अध्यक्षता एवं हरेंद्र सिंह तोमर के संचालन में सम्पन्न हुई शनिवार को नगर में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं ने चौधरी जयंत सिंह के जन्मदिन पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को उनके जन्मदिन पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह की अगुवाई में कार्यकताओं ने केक काटकर चौधरी जयंत सिंह की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों, गांवों और श्रमिक वर्ग के उत्थान को समर्पित था। उनका मानना था कि जब तक भारत का किसान सशक्त नहीं होगा, देश प्रगति नहीं कर सकता ।इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह, हरेंद्र सिंह तोमर,लटूर सिंह, सुरेश राणा, सुमित राठी, रामनाथ ओंकार सिंह,शुभम तोमर सहित अनेक संख्या में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हुनर शक्ति फाउंडेशन द्वारा 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान।** हुनर शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में 25 दिसंबर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग (डखळ) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनके चयनित ट्रेड से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान, कार्य कौशल, सुरक्षा मानकों तथा कार्यस्थल की अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों एवं अनुभवी कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिल रहा है। हुनर शक्ति फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं और उन्हें भविष्य में स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होते हैं। प्रशिक्षण में भाग ले रहे विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो रहा है, जो उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें। इसमें ब्यूटी वैलनेस में लगभग 500 छात्राएं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर में 400 छात्र प्लम्बर में 200 विद्यार्थियों को एवं सिलाई एवं गृह साज सज्जा के अंतर्गत लगभग 1200 छात्राओं को अलग अलग सेन्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्यायें

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में शनिवार को थाना मोहाना में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

डीएम और एसपी थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मोहाना में पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करायें।जिलाधिकारी ने समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि जमीन विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं, उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण कराएं। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर नाली और चकमार्ग का विवाद, जमीन बंटवारा, अवैध कब्जा, पट्टा प्रकरणों को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाएं। अधिकतम मामलों का निस्तारण कराएं।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आए सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार की लड़ाई-झगड़ा न करें, जो भी मामले आए हैं उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी, कर्मचारी कराएगे।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, लेखपाल, थानाध्यक्ष मोहाना उपस्थित रहे।

## बोले-के लै परेशानी छ तुमर मदद लीजिए हमेशा तैयार-कैलाश नेगी

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत वरिष्ठ एवं एकल नागरिकों की सुरक्षा व सहायता हेतु समय-समय पर उनसे भेंट कर कुशलक्षेम जानने के निर्देश निर्गत किए गए।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कौसानी,निरीक्षक कैलाश सिंह नेगी और कोतवाली बागेश्वर के निरीक्षक अनिल उपाध्याय द्वारा अपनी पुलिस टीम के बुजुर्गों से संवाद कर उनकी सहायता की। कौसानी कोतवाली प्रभारी कैलाश नेगी ने ग्राम बद्रीनाथ और अन्य गांवों में पहुंचकर बुजुर्गों का हालचाल जाना गया।साथ ही मानवीय पहल के आधार पर बुजुर्गों से संवाद कर उनसे स्थानीय बोली में एक परिवार के सदस्य के नाते परिवार के मुखिया के तौर पर बुजुर्गों को सम्मान देते हुए उनसे हालचाल और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

# चौकीदारों को ठंड से बचाव के लिए सीओ व थानाध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** चौकीदारों को सर्दी के मौसम मे कडाके की ठंड से बचाव के लिए शनिवार को खेसरहा थाना परिसर मे सीओ बांसी रोहिनी यादव ने थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के साथ खेसरहा थाना क्षेत्र मे तैनात ग्राम प्रहरियों के बीच कंबल वितरित किया।

कंबल पाकर ग्राम प्रहरियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।सीओ रोहिनी यादव ने बताया कि ग्राम चौकीदार पुलिस की पहली कड़ी होते हैं। उनके पास गांव की गतिविधियों की जानकारी रहती है, जिसे वे थाने तक पहुंचाते हैं। पुलिस को उनसे महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में, खासकर रात में, चौकीदारों को गश्त के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए उन्हें कंबल प्रदान किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी ने चौकीदारों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में मिलने वाली किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस को दें। मौसम को देखते हुए रात्रि गश्त के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि चोरी जैसी कोई अप्रिय घटना न हो सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम प्रहरियों की सतर्कता और सक्रियता से ही अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और गांवों में शांति कायम रखने में मदद मिलती है।

उन्होंने जोर दिया कि ठंड के इस मौसम में ग्राम प्रहरियों का स्वस्थ और सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर सकें।उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम प्रहरियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर थाना उपनिरीक्षक सहित समस्त पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### ठंड से कांप रहे गरीब असहायों को डीएम व एसपी ने ओढ़ाया कंबल





**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाने पर आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी शिव शरण अप्पा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।इस पहल के तहत कुल 40 गरीब और असहाय व्यक्तियों को कंबल दिए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।कंबल पाने वाले लोगों ने डीएम और एसपी का धन्यवाद व्यक्त किया। जिले में इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे गरीबों का जीवन प्रभावित हो रहा है।इसी के मद्देनजर, जिलाधिकारी शिवशरण अप्पा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन लगातार गरीबों में कंबल वितरण कर रहे हैं।

### हापुड़ में कोहरे के बीच सख्त चेकिंग: सीओ राहुल यादव ने संभाला मोर्चा



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में बढ़ते कोहरे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से ट्रैफिक सीओ राहुल यादव ने शनिवार देर रात व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान मेरठ रोड पर बाबा साहब की प्रतिमा के समीप शुरू किया गया, जहां पुलिस बल के साथ सीओ ने खुद मोर्चा संभालते हुए रात्रिकालीन सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।इस दौरान पुलिस ने मुख्य मार्गों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और थाना बॉर्डर क्षेत्रों पर बैरियर लगाकर विशेष चेकिंग की। शराब पीकर वाहन चलाने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन तलाशी ली गई। साथ ही वाहन चालकों के कागजात और पहचान पत्रों की भी बारीकी से जांच की गई।सीओ राहुल यादव ने बताया कि घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरे का सामना न करना पड़े।

### पढ़ाई को रुचिपूर्ण और प्रभावी बनाएं शिक्षक : सेमवाल

**गरुड़।** कुमाऊ मंडल के अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा एसपी सेमवाल ने पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज गरुड़ का औचक निरीक्षण किया।इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षक पढ़ाई को रुचिपूर्ण व प्रभावी बनाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र सिंह नेगी से विद्यालय के संबंध में आवश्यक जानकारियां ली। राइका गरुड़ में अधिकारियों व शिक्षकों की बैठक लेते हुए एडी सेमवाल ने कहा कि पठन-पाठन पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूली शिक्षा के प्रति सभी शिक्षक सजग रहें। स्कूल प्रशासन शैक्षणिक व व्यवस्थागत सुधारों के लिए जागरूक रहे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था के साथ ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी आवश्यक हैं। उन्होंने कार्मिकों से समयानुसार शासकीय कार्यों का निष्पादन करने के भी निर्देश दिए।

# प्रवासी मजदूर की पत्नी और बच्चे लापता, पुलिस से लगाई गुहार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना अन्तर्गत विकास खंड नौगढ़ के पटनी जंगल से प्रवासी मजदूर अमरीश पाल की जिंदगी पूरी तरह तहस-नहस हो गई। विदेश में बेहतर भविष्य बनाने के लिए सऊदी अरब गए अमरीश को सूचना मिली कि उनकी पत्नी और दो बच्चे अचानक घर से लापता हैं।

अमरीश पाल ने 2011 में जया से शादी की थी। परिवार सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन आर्थिक परेशानियों और बच्चों की अच्छी शिक्षा की चाहत ने उन्हें 2019 में सऊदी अरब में काम करने के लिए मजबूर किया। विदेश में रहते हुए अमरीश ने घर का खर्च भेजा और परिवार की हर जरूरत पूरी की। भारत लौटकर अमरीश ने पटनी जंगल में परिवार के लिए पक्का मकान बनवाया। दिसंबर 2023 में वे दोबारा विदेश चले गए। उन्हें भरोसा था कि परिवार स्थिर है। लेकिन 2025 में उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी कथित तौर पर किसी अन्य युवक के साथ चली गई और बच्चों को भी साथ ले गई।

सूचना मिलते ही अमरीश भारत लौटे और पत्नी और बच्चों की तलाश में रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की। जब कोई ठोस जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने सदर थाने में लिखित तहरीर देकर पत्नी और बच्चों की सकुशल बरामदगी की मांग की।सिद्धार्थनगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उद्देश्य एवं पर्यावरण के बीच सेतु विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन



**वेलक इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** सनबीम कॉलेज फॉर विमेन,भगवानपुर में सतत व्यावसायिक मॉडल लाभ,उद्देश्य एवं पर्यावरण के बीच सेतु विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया ` यह सम्मेलन इंडियन अकाउंटिंग एसोसिएशन, मिर्जापुर चैप्टर तथा कोलकाता बिधाननगर सोसाइटी फॉर एकेडमिक एडवांसमेंट,पश्चिम बंगाल ,भारत के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरपर्सन डॉ.दीपक माधोक,वाइस चेयरपर्सन भारती माधोक, सहायक निदेशक सुश्री प्रतिमा गुप्ता तथा सनबीम कॉलेज फॉर विमेन के रजिस्ट्रार संदीप मुखर्जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने संबोधन में सतत विकास,उत्तरदायी व्यवसाय एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ लाभ संतुलन पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए और प्रतिभागियों को प्रेरित किया `सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के रूप में प्रो. जे.के.जैन (हेड एवं डीन,सागर विश्वविद्यालय,मध्य प्रदेश), प्रो.एच.के.सिंह (हेड एवं डीन, वाणिज्य संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) तथा प्रो.के.के.अग्रवाल (पूर्व हेड एवं डीन, वाणिज्य संकाय,महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) की विशेष उपस्थिति रही उनके विचारोत्तेजक व्याख्यानों ने अकादमिक जगत एवं उद्योग के बीच सेतु स्थापित करने पर बल दिया।

सम्मेलन का समन्वय डॉ.अमित कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर) द्वारा किया गया सह समन्वयक के रूप में डॉ. रुचि सेन (एसोसिएट प्रोफेसर),संयोजक डॉ.पेमा लामा (एसोसिएट प्रोफेसर,यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता) तथा संयुक्त संयोजक डॉ.नीलंजन रे (एसोसिएट प्रोफेसर, जेआईएस यूनिवर्सिटी,कोलकाता) ने सक्रिय भूमिका निभाई कार्यक्रम का आभार ज्ञापन सम्मेलन निदेशक डॉ.सौरभ सेन,प्राचार्य,सनबीम कॉलेज फॉर विमेन द्वारा किया गया।

# डीजे सौदे में 50 हजार की धोखाधड़ी फतेहगंज में खुलेआम तमंचा लहराया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** शादी-विवाह में डीजे चलाने की तैयारी कर रहे युवक से 50 हजार रुपये की ठगी और फिर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि एडवांस रकम लेने के बाद न तो डीजे दिया गया और न ही पैसे लौटाए गए, उल्टा विरोध करने पर दबंगई दिखाई गई।

पीड़ित हरवंश पुत्र नरेश कश्यप निवासी ग्राम कुरतरा थाना फतेहगंज पश्चिमी ने बताया कि 16 अक्टूबर 2024 को कस्बे के उन्नासी रोड, लोधी नगर चौराहा स्थित जे.के. इलेक्ट्रिकल्स एवं एयर कंडीशनर नामक दुकान पर डीजे खरीदने को लेकर सौदा हुआ था। दुकानदार जितेंद्र कुमार ने डीजे की कीमत 2.20 लाख रुपये बताते हुए 50 हजार रुपये एडवांस जमा कराने और एक माह में डीजे उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। हरवंश ने अपने साथियों अरुण, सनी और अमन की मौजूदगी में नकद 50 हजार रुपये दुकानदार को सौंप दिए, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी न डीजे मिला और न ही रकम वापस की गई। बार-बार टालमटोल से परेशान होकर पीड़ित ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शिकायत दर्ज कराई, जहां गवाहों की मौजूदगी में समझौता कराया गया कि 25 अक्टूबर 2025 तक रकम लौटा दी जाएगी। आरोप है कि समझौते के बाद भी दुकानदार अपने वादे से मुकर गया। 29 अक्टूबर 2025 को जब हरवंश अपने चाचा अरुण और भाई अंकित के साथ रकम मांगने दुकान पहुंचा, तो दुकानदार ने खुलेआम पैसे देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, टेबल की दराज से 315 बोर का तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज करते हुए तीनों को दुकान से भगा दिया। पीड़ित ने पूरे प्रकरण की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से की, जिसके बाद धोखाधड़ी, धमकी और अवैध हथियार लहराने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति : पुलिस ने चौपाल मे महिलाओं को दी जानकारी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** थाना शिवनगर डिडई क्षेत्र असनार स्थित एक संस्था कार्यालय परिसर में शनिवार को महिला समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। संस्था समन्वयक महिपाल सिंह ने बैठक में पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा के साथ ही कार्ययोजना व रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

इसी क्रम में थाना शिवनगर डिडई की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला चौपाल का आयोजन कर महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सशक्तीकरण योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा से जुड़े सभी हेल्पलाइन नंबरों को बताते हुए महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा निर्भीक होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार के अन्याय व अत्याचार को सहन न करें बल्कि झिझक छोड़कर खुलकर उसका विरोध करें।

उन्होंने आश्वस्त किया कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम के चंद्रशेखर यादव, संजय राय, सुशील राय, सौरभ सिंह, गुड्डू यादव व मंजू मौर्या सहित महिला समिति की विंद्रावती, अंशू, संगीता, शकुंतला, पुष्पा, अनिल समेत बड़ी संख्या में अन्य सदस्यों ने सहभागिता की।

# भक्त शिरोमणि हैं श्रीहनुमानजी महाराज : आचार्य विमल कृष्ण पाठक

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार/तेहरा रोड़, श्याम तपोवन कॉलोनी स्थित भागवताश्रय में भागवत कथा परिवार द्वारा चल रहे चौदहवें सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन व्यास पीठाधीन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत रत्न पण्डित विमल कृष्ण पाठक महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सृष्टि की रचना (ब्रह्माजी का जन्म), मनु-सतरूपा, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, नरसिंह अवतार, बलि चरित्र और समुद्र मंथन आदि की कथा श्रवण कराई।

इससे पूर्व श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के द्वारा संगीतमय सुन्दर कांड का सामूहिक पाठ किया गया।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की आरती की गई। भागवताश्रय के संस्थापक पण्डित विमल कृष्ण पाठक महाराज एवं पण्डित केशव पाठक ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज भक्ति शिरोमणि हैं।कलिकाल में श्रीहनुमानजी की आराधना के बिना भगवान श्रीरामजी की भक्ति प्राप्त कर पाना असम्भव है।

श्रीहनुमद् आराधन मण्डल के अध्यक्ष पण्डित अशोक व्यास एवं कोषाध्यक्ष आचार्य विपिन बापू महाराज ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान हैं। उनमें वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि का भंडार है।जो व्यक्ति जिस कामना से उनकी पूजा-अर्चना करता है,उसकी कामना वे निश्चित ही पूर्ण करते हैं।

# हड्डी कैफे पर तमंचा लहराने वाले तीन गिरफ्तार, अवैध तमंचे बरामद

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला बाजार स्थित हड्डी कैफे पर बीते दिनों देर रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब कुछ युवकों ने खुलेआम तमंचा लहराकर दहशत फैलानी शुरू कर दी। अचानक हुई इस हरकत से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही खीरी थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और घटना में शामिल युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो अवैध देसी तमंचे 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इबादत अली पुत्र इसरार अली निवासी खत्री टोला, शहबाज पुत्र इलियास निवासी डीहपुर तथा अनमोल उर्फ आदिल पुत्र शफीक शाह निवासी बुखारी टोला व कस्बा खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार विवाद में अन्य लोग भी शामिल रहे थे, जिनकी पहचान की जा रही है। अन्य फरार व्यक्तियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा।पूरी कार्रवाई थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक शुभम कुमार, कांस्टेबल सत्येन्द्र सिंह और कांस्टेबल अंकित सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि कस्बे व क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तमंचा लहराकर दहशत फैलाने और अराजकता पैदा करने वालों के लिए जेल ही उनका ठिकाना है।

# डीपीएस मोदीनगर में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्ट माइंड एक्टिवेशन थ्रू एजुकेशन के अंतर्गत एक सार्थक अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अभिभावकों और विद्यालय के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) नंद कुमार, प्रोफेसर, मनोरोग विभाग, एम्स नई दिल्ली, डॉ. दीपिका दहिमा, वैज्ञानिक, मनोरोग विभाग, एम्स नई दिल्ली तथा प्रियंका टंडन, प्रोग्राम स्ट्रैटेजिस्ट, प्रोजेक्ट एम ए टी ई (दिल्ली एनसीआर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी भी उपस्थित रहीं। विशेषज्ञों ने अपने सत्रों में किशोरावस्था के दौरान भावनात्मक संतुलन बनाए रखने, आत्म-नियमन कौशल विकसित करने, तनाव प्रबंधन तथा समय रहते मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियों की पहचान और उनके प्रभावी समाधान पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि जब अभिभावक और विद्यालय मिलकर कार्य करते हैं, तभी बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने वक्तव्य में कहा कि डीपीएस में केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक कल्याण को भी समान महत्व दिया जाता है तथा प्रोजेक्ट एम ए टी ई इसी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

उन्होंने सभी विशेषज्ञ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अभिभावकों को जागरूक करने के साथ-साथ विद्यालय और परिवार के बीच सहयोग को और अधिक मजबूत करेगा। कार्यक्रम सकारात्मक ऊर्जा और उपयोगी सीख के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भाजपा एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा के हाथो जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ा और कंबल का वितरण



**वाराणसी।** कंदवा अवलेशपुर गेट स्थित आशीष सेठ के प्रतिष्ठान लक्ष्मी नारायण ज्वैलर्स में शनिवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद असहाय व्यक्तियों को गर्म कपड़े एवं कंबल का किया गया वितरण` कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हंसराज विश्वकर्मा सदस्य विधान परिषद एवं जिलाध्यक्ष वाराणसी भाजपा उपस्थित रहे` एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया और वहाँ लोगों से अपील किया की ठंड काफी बढ़ गयी है जितना हो सके ठंड से अपना बचाव करे स्वस्थ रहे।

# मोदी कॉलेज का छात्र पेंटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में कक्षा 10 के छात्र कृष्णा वर्मा को राज्य युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद् अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव की प्रतियोगिता 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित की गई थी। जिसमें कृष्णा वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को पिछाड़ते हुए चित्रकला विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि मंडल स्तरीय युवा महोत्सव की प्रतियोगिता 17 दिसंबर को मेरठ में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में भी छात्र कृष्णा वर्मा ने मंडल में प्रथम स्थान पाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। अब कृष्णा वर्मा जनवरी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा।

छात्र द्वारा बनाई गई पेंटिंग को उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा सराही गई। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि लगभग तीन माह पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद स्तर पर विकसित भारत के ऊपर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। उसमें भी छात्र कृष्ण वर्मा ने प्रथम स्थान पाकर 51 हजार रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। इस छात्र को प्रेरित करने में विद्यालय की कला प्रवक्ता श्रीमती वर्षा रानी और रेखा रानी का सहयोग सराहनीय रहा है।

डॉ एस सी अग्रवाल ने छात्र व उनकी शिक्षिकाओं को इसी तरह जीवन में और अधिक ऊंचाई पर जाने के लिए प्रेरित किया और उनको इस जीत के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती सीमा सिंह संजीव कुमार दिनेश कुमार महानंद सिंह श्रीमती वर्षा रानी उपस्थित थे।

# लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री युवा दिलों की धड़कन चौधरी जयंत सिंह जी का 47 वां जन्म दिन जिला कार्यालय गाजियाबाद पर केक काटकर और गुड बांटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने नेता के प्रति अपने विचार भी रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने की, संचालन प्रदीप मुखिया ने किया मुख्य वक्ताओ में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि माननीय चौधरी जयंत सिंह जी की लम्बी उम्र हो व हमेशा खुश व स्वस्थ रहें, और स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के पदों तक पहुंचे। और किसानों और नौजवानों कि आवाज को यूं ही बुलंद करते रहें। लोनी के पूर्व चेयरमैन मनोज धामा, ने कहा हमारे नेता जैसा कोई नेता नहीं हो सकता जयंत चौधरी 36 बिरादरी के नेता है। हमारे नेता को जन्मदिन की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं अन्य सभी वक्ताओं ने जयंत सिंह जी को शिखर तक राजनीति में पहुंचाने का संकल्प लिया किशन सिंह राघव, सत्येंद्र तोमर, ओ डी. त्यागी, रामभरोसे लाल मौर्य, अरुण दहिया, सुरेन्द्र तेवतिया, योगेंद्र पतला, मनोज राठी, योगेश फफराना, देशपाल दुहाई, नरेंद्र जाटव, ओमपाल, यश गौतम, विनोद गौतम, राजू गौतम, अलोक चौधरी, कृष्ण चेम्पियन, हिमांशु नगर शिव कुमार पंवारिया, अवधेश दीक्षित, रामावतार त्यागी, मनोज त्यागी, कुलदीप डागर, ललित सैन, सुमन चौधरी, ज्योति कसाना, राखी सिन्धु, अर्चना सिंह, नीरज नवीपुर, ऋषिपाल, सतपाल सलेमबाद, पप्पू मिलाकचकरपुर, सरताज खान, हिमांशु नागर, अंकुर त्यागी, विनोद चौधरी, आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह का 47 वा जन्म दिवस पूरे हर्ष उल्लास के साथ पूरे भारत में मनाया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार में कौशल और शिक्षा मंत्री( स्वतंत्र भार ) चौधरी जयंत सिंह जी का आज 47 वा जन्म दिवस पूरे हर्ष उल्लास के साथ पूरे भारत में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में पार्टी कार्यालय राष्ट्रीय लोकदल मेरठ रोड ऑफिस पर बर्थडे केक काटकर पार्टी के नेता व कार्यकताओं के द्वारा खुशी का इजहार किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष( अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ)_सदस्य (उत्तर प्रदेश )अर्बन कमेटी राष्ट्रीय लोकदल ने पार्टी के कुछ साथियों के साथ फल वितरित करके जन्मदिवस की खुशी अनाथ आश्रम के बच्चों के साथ खुशी को बांटा ( शंभू दयाल वैदिक सन्यास आश्रम दयानंद नगर )गाजियाबाद में चौधरी जयंत सिंह जी को जो विरासत में मिला है उस विरासत को सभी जाति सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं देश का युवा चौधरी जयंत जी के अंदर अपना भविष्य देख रहा है। देश के किसान को भी लग रहा है कि हमारे पास कोई ऐसा शख्स है जो देश की बड़ी पंचायत में जाकर हमारी बात को रख सकता है और मनवा सकता है। अनाथ आश्रम में फल वितरित करते समय उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) (सदस्य )उत्तर प्रदेश अर्बन कमेटी राष्ट्रीय लोकदल के अलावा अमित त्यागी पूर्व जिलाध्यक्ष सदस्य जिला पंचायत विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ विवेक शर्मा करण शर्मा तुषार कौशिक दिनेश शर्मा संजीव अरोड़ा जितेन्द्र भादोली प्रदीप त्यागी ओ डी त्यागी शिवम शर्मा निशांत शर्मा आदि रहे।



# चाय प्रसाद लंगर सेवा का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह के पावन अवसर पर, उनके अद्वितीय त्याग, साहस एवं बलिदान की स्मृति में प्रातः अग्रसेन पार्क, गोविंदपुरी में पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर के संयुक्त तत्वावधान में चाय प्रसाद लंगर सेवा का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के महान बलिदान से अवगत कराना एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश देना रहा। प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हुए इस लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं चाय प्रसाद का वितरण कर सेवा कार्य में भाग लिया और चार साहिबजादों के बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में पंजाबी संगठान मोदीनगर की ओर से अध्यक्ष अजय ग्रोवर सहित संजय नैयर, संजीव गुलाटी, विवेक भाटिया, राहुल बारी, डॉ. गौरव भाटिया, अजय मेहदीरत्ता, संजय बब्बर, बॉबी चौधरी एवं एन.के. ग्रोवर उपस्थित रहे। वहीं महिला पंजाबी संगठान मोदीनगर की ओर से अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर के साथ हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. विप्रा भाटिया, कोमल शर्मा, विशाखा मित्र, रोजी आनंद, प्रवीन आनंद एवं नीता गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने चार साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज को सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।

# स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती के सान्निध्य में भारत विकास परिषद का क्षेत्रीय अधिवेशन काशी समागम रूप से प्रारंभ

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** भारत विकास परिषद काशी प्रांत द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन सत्र 2025झ26 ₹काशी समागमह्व का शुभारंभ शनिवार को वाराणसी में अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुओ प्लास्टिक मुक्त अधिवेशन स्थल (पर्यावरण संरक्षण) दो दिवसीय इस अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती (राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय संत समिति) के सान्निध्य में सम्पन्न हुओ कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ हुआ इसके पश्चात वंदेमातरम्‌गान प्रस्तुत किया गया।

मंच संचालन एवं स्वागत के क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए परिषद की विचारधारा, सेवा कार्यों एवं राष्ट्र निर्माण में परिषद की भूमिका पर प्रकाश डालो क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत भूषण जुनेजा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार और समर्पण के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य कर रही है। राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधु ने संगठन की कार्यप्रणाली एवं अनुशासन पर बल देते हुए कार्यकताओं को संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया। मुख्य अतिथि स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने भारत विकास परिषद की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन सेवा, संस्कार और राष्ट्रभाव के माध्यम से समाज को दिशा देने वाला एक सशक्त राष्ट्रवादी मंच है जो निरंतर सकारात्मक परिवर्तन का कार्य कर रहा है।

प्रांत परिचय, प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया सेवा प्रकल्पों एवं संगठनात्मक विस्तार की जानकारी दी गई सायंकाल काशी प्रांत की महिला सहभागिता सुमन अग्निहोत्री, मीना सिंह एवं रचना केसरी के नेतृत्व में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने उपस्थित प्रतिनिधियों को काशी की सांस्कृतिक गरिमा से भावविभोर कर दिया।

# हरिबंधु इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह अविरल 2025 वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड का भव्य आयोजन 28 दिसम्बर को

वेलकम इंडियासंतोष कुमार सिंह

**वाराणसी (चिरईगांव)।** हरिबंधु इंटरनेशनल स्कूल, अराजी नेवादा गौरा कला में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह ह्यअविरल 2025 वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड का भव्य आयोजन आगामी 28 दिसंबर 2025 को अपरा दो बजे से विद्यालय परिसर में किया जाएगा` यह जानकारी विद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में विद्यालय के चेयरमैन डॉ एस एन यादव ने दी उन्होंने बताया कि वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड विषय पर आधारित यह समारोह विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विविधता और वैश्विक दृष्टिकोण को मंच प्रदान करेगा` रंगारंग नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र विश्व की महान सभ्यताओं और सांस्कृतिक धरोहरों को सजीव रूप में प्रस्तुत करेंगे कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।




समारोह के दौरान विद्यालय की निदेशिका शशिबाला यादव, उप-निदेशिका डॉ.प्रिया यादव, प्रधानाचार्या जया सिंह सहित शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल कर व्यापारियों सहित आम जन को सुरक्षा का एहसास कराया। मार्च के दौरान बज रहे पुलिस सायरन ने व्यापारियों सहित आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और प्रमुख बाजारों में पुलिस ने पैदल मार्च किया। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना के नेतृत्व में फ्लैग मार्च की शुरूआत कोतवाली परिसर से हुई। बस स्टैंड से होते हुए सरार्फा बाजार, गुरुद्वारा रोड, किदवई नगर और कस्बा रोड समेत अन्य प्रमुख बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान चीता बाइक, पीसीआर मोबाइल और पीआरवी वाहन भी शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा आनंद प्रकाश मिश्रा सहित सभी चौकियों के प्रभारी मौजूद रहे।

# दुर्गा टावर अंसल बिल्डिंग और देविका टावर की सड़कों और पार्किंग में अवैध अतिक्रमण







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद आरडीसी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम के उप महापौर प्रवीण चौधरी थे इस अवसर पर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने आरडीसी में फैल रही अतिक्रमण बीमारी को अवगत कराया की सभी बिल्डिंग वासियों को गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं मिल पाती क्योंकि दुर्गा टावर, देविका टावर, अंसल बिल्डिंग की चौड़ी चौड़ी सड़कों पर कार मिस्त्रियों एवं कार डीलर्स का अवैध कब्जा है, और पार्किंग स्थल पर कार सेल परचेज वालों का अवैध कब्जा है। कार मिस्त्री इन बिल्डिंगों की सड़कों पर ही कार सही करते रहते हैं जिसके कारण आवागमन व जाम की स्थिति पैदा होती है और इन बिल्डिंगों के चारों तरफ बड़ी-बड़ी पार्किंग होने के बावजूद सभी ऑफिस वालों को सड़क पर गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है क्योंकि इन पार्किंग में कार सेल परचेज वालों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। जिसके कारण पूरे आरडीसी में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां पर कार मिस्त्री और सेल परचेज वाले 2000 से 3000 रुपये किराये पर दुकान लेते हैं और एक-एक दुकान वाला 30, 40 गाड़ियां इन पार्किंग में सेल के लिये खड़ी कर लेता है जिसके कारण हजारों ऑफिस वालों को गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं मिल पाती। मजबूरी में गाड़ी ऐसे लगानी पड़ती है कि जाम की स्थिति बनी रहती है आरडीसी में।

**गाजियाबाद/ आरडीसी क्षेत्र को बनाएंगे स्वच्छ सुंदर: प्रवीण चौधरी**

कार मिस्त्रियों से सड़कों पर अवैध कब्जे और इन पार्किंग में जो कार सेल परचेज वालों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं उनसे खाली करा कर आरडीसी को जाम मुक्त करवाने उचित कदम उठाने होंगे नगर निगम के उप महापौर प्रवीण चौधरी ने आश्वासन देते हुए कहा कि नगर निगम की ओर से यहां किसी प्रकार की भी गंदगी नहीं होने देंगे चाहे वह अतिक्रमण की गंदगी हो चाहे वह अवैध पार्किंग की हो हम ऐसा नहीं होने देंगे बहुत ही जल्द आरडीसी पार्क का सौंदर्यकरण किया जाएगा इस अवसर पर आलोक सिसोदिया, राहुल शर्मा, बिंदल जी ,संजीव राणा, पंकज शाह, मनोज नगर ,जितेंद्र सिंह, के.के गौर,अजय शर्मा,सुरजीत सोलंकी, हर्ष शर्मा, आलोक गुप्ता,नवीन कुमार,राजेश कुमार आनंद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## विष्णु एनक्लेव की मुख्य सड़क का उद्घाटन हमारी आदरणीय महापौर सुनीता दयाल जी द्वारा किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज विष्णु एनक्लेव की मुख्य सड़क का उद्घाटन हमारी आदरणीय महापौर श्रीमती सुनीता दयाल जी द्वारा किया गया। जिसमें समस्त कालोनीवासियों ने बहुत खुशी से महापौर श्रीमती सुनीता दयाल जी का स्वागत किया ` बहुत प्रयासों के बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है वार्ड 56 के पार्षद श्री मनोज त्यागी जी ने भी इस कार्य को प्रारम्भ कराने में बहुत प्रयास किया समाज सेविका शैली जी ने कई वर्षो तक इस सड़क को बनवाने के लिए हर वर्ष बहुत प्रयास किया ,जिसमें सड़क की समस्या हेतु अखबारों के माध्यम से भी सरकार का ध्यान इस और दिलाया ` आज समस्त कालोनीवासीयो की खुशी का कोई ठिकाना नहीं थो सब भाजपा महापौर एवं पार्षद जी का धन्यवाद करते नहीं थके महापौर के सड़क का उद्घाटन करने के पश्चात शैली जी ने पटका पहना एवं सम्मान भेंट देकर महापौर सुनीता दयाल जी एवं पार्षद मनोज त्यागी जी को सम्मानित किया जिसमे समस्त कालोनीवासी साथ रहे` इस कार्य में सभी माताओ बहनो में हर्षोउल्लास रहा` इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से श्री बी के एस पाल जी मंडल मंत्री जी,संजय शर्मा जी,छिद्दी सिंह, सूरज वीर सिंह, महेश शर्मा जी , अमरदीप जी , अखलेश शर्मा जी , सुधीर जी , पंकज शर्मा जी , आशुतोष शर्मा,संजू गुप्ता जी, राहुल शर्मा,वेद खटटर,हरसन सिंह जी एवं समस्त कालोनीवासी शामिल हुए` सहयोग देने के लिए महापौर जी एवं पार्षद मनोज त्यागी जी का समस्त कालोनीवासियों की और से धन्यवाद

**समाज सेविका शैली जी ने कई वर्षो तक इस सड़क को बनवाने के लिए हर वर्ष बहुत प्रयास किया**



## 28 दिसंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का प्रथम गाज़ियाबाद आगमन

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी जी के 28 दिसंबर को गाज़ियाबाद में होने वाले प्रथम आगमन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु भाजपा महानगर पूरी तरह से तैयार है। यह जानकारी भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने दी।

श्री गोयल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत हेतु एनएच-24 पर यूपी गेट तथा इनमेंटेक कॉलेज के सामने भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी गेट पर प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी जी का स्वागत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में युवा कार्यकर्ता बड़े काफिले के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे।





इसके पश्चात एनएच-24 स्थित इनमेंटेक कॉलेज के सामने भाजपा महानगर की समस्त संगठनात्मक टीम द्वारा विशाल स्वागत मंच स्थापित कर पुष्पवर्षा के साथ प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संगठन के प्रमुख कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। यह कार्यक्रम भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, एकजुटता एवं अनुशासन का सशक्त परिचायक बनेगा।श्री मयंक गोयल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी जी का स्वागत कार्यक्रम उनके प्रातः 10 बजे गाज़ियाबाद आगमन पर किया जाएगा। वे यूपी गेट से गाज़ियाबाद में प्रवेश कर मेरठ हाईवे के माध्यम से मेरठ की ओर प्रस्थान करेंगे। इनमेंटेक कॉलेज के सामने लगाए गए स्वागत मंच से वे उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे।



## आध्यात्मिक एवं आर्य महिला सम्मेलन हर्षोल्लास से संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,** शनिवार,27-12-2025 को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य केन्द्रीय सभा एवं नगर आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय दिवस पर आध्यात्मिक एवं आर्य महिला सम्मेलन गुरुकुल पटेल मार्ग में तेजपाल एवं पूनम चौधरी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक नरेश दत्त ने भजनों द्वारा ऋषि महिमा एवं ईश भक्ति का गुणगान किया जिसे सुनकर श्रोता झूम उठे।महायज्ञ डा जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में संपन्न हुआ।उन्होंने यज्ञ महिमा एवं वेद महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि पंच महायज्ञ एवं वेद मार्ग पर चलने से ही मानव कल्याण सम्भव है।उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि दयानंद ने मानव जीवन से संबंधित जितने भी विषय हैं उन पर सत्यार्थ प्रकाश में विस्तृत चर्चा की है।उन्होंने आगे कहा कि हमने इतिहास में



विभिन्न युद्ध पढ़े हैं लेकिन स्वामी दयानंद ने पहली बार अज्ञान के खिलाफ अंतहीन युद्ध शुरू किया था,उन्होंने कहा इंसान का सबसे बड़ा शत्रु अज्ञान है,अविद्या है, इसलिए अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए।स्वामी दयानंद चाहते थे दुनियां में वेद का पठन-पाठन हो,शास्त्र के बिना तर्क खोखला होता है,सत्य की कोई मेरिट नहीं होती इसलिए आपने सूर्य बनना है तभी अंधेरा मिटेगा।उस कुशल वैघ ने भारत की बीमारी को पहचाना और उसका इलाज किया शास्त्र,तर्क विज्ञान और फिर सत्य को खोजा।वे धरती पर सत्य का प्रचार चाहते थे और इसके लिए उन्होंने गुरु मंत्र दिया है सत्य के ग्रहण और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए।मुख्य अतिथि के रूप में पधारी डॉ सुधा राणा (अध्यक्ष वैदिक योग समिति) ने श्रोताओं क ध्यान कराया और कहा कि स्वामी दयानंद ने जो महिलाओं के लिए कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने योग की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि पतंजलि के अष्टांग योग को अपनाने से ही परमात्मा का साक्षात्कार सम्भव हैं।आत्मा का परमात्मा से मिलन ही योग है।सत्य का ज्ञान होना समाधि है।प्रकृति के पंचतत्वों से बने शरीर में अग्नि से तेज,वायु से वेग,आकाश से विराटता,पृथ्वी से धैर्य और जल से शीतलता के संतुलन को बनाए रखना है।पंचतत्वों का संतुलन होने से आत्मोन्नति होती है।डा प्रतिभा सिंघल ने कहा कि हमने जीवन में एक बात सीखी है जो अच्छी बात सुनते हैं उसे अपनाएं, करनी कथनी में अंतर ना रखें, परमात्मा में विश्वास रखें,महर्षि दयानंद के कार्यों को याद रखें,उस पर चलने का प्रयास करें। माता निमार्ता भवति का आवाहन करते हुए ममता चौहान ने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद जी की पत्नी शिव देवी जी एक आदर्श पतिव्रता नारी थी।उन्होने छोटे छोटे उदाहरण देकर महिलाओं को अपने व्यवहार को अच्छा बनाने और परिवार के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वैदिक विद्वान विष्णुमित्र वेदार्थी ने कहा कि स्त्री ब्रह्मा थी,है और रहेगी. परमात्मा ने इन्हें ब्रह्मा बनाया है।ब्रह्मचर्य का अर्थ ईश्वर का चिंतन करने वाली बनों आहार,योगाभ्यास, प्राणायाम कर निरोगी बनों। मुख्य वक्ता डॉक्टर अर्चना प्रिय आर्या ने कहा कि पूरे संसार में किसी भी मुसलमान ने महिला को मौलवी और इसाई ने पॉप की उपाधि नहीं दी।यह श्रेय केवल स्वामी दयानंद को जाता है जिसने महिलाओं को कन्या गुरुकुलों के माध्यम से आचार्या,शास्त्री,ब्रह्मा आदि बनाया। इस अवसर पर वैदिक विद्वान कृष्ण शास्त्री,तेजपाल आर्य एवं नरेंद्र पांचाल ने भी अपने विचार रखे। मंच का कुशल संचालन कविता राठी ने किया।सत्यवीर चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य रूप से शिल्पा गर्ग,वंदना चौधरी, सुमन चौहान,वंदना आर्या एवं प्रवीण आर्य आदि उपस्थित रहे। संध्या,शांतिपाठ एवं ऋषिलंगर के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।